RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-261 | जयपुर, बुधवार, 18 मार्च 2026 | मूल्य-4 रूपये

## एनआई ने 6 यूक्रेनी, 1 अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआई) ने 6 यूक्रेनियों और एक अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार किया। इन पर म्यांमार के जातीय युद्ध समूहों को हथियार और आतंकवादी साजो-सामान की आपूर्ति करके तथा उन्हें प्रशिक्षण देकर उनका समर्थन कर रहे थे। साथ ही भारत में उग्रवाद का भी समर्थन कर रहे थे।

## एनसीईआरटी ने 8वीं की किताब से विवादित नक्शा हटाया

जैसलमेर

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने 8वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की किताब में छपे विवादित नक्शे को हटा दिया है। नक्शे में बीकानेर, बूंदी और जैसलमेर को मराठा एम्पायर के रूप में दिखाया था। विवादित नक्शे को लेकर जैसलमेर पूर्व राजपरिवार के सदस्य विक्रम सिंह नाचना, उदयपुर पूर्व राजपरिवार सदस्य विश्वराज सिंह और राजसमंद एमपी महिमा कुमारी ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद किताब से विवादित नक्शे को हटा दिया गया। अगले एडिशन में बुक में ये नक्शा नहीं दिखाई देगा।

## प्रदेश में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि अलर्ट

**जयपुर।** प्रदेश में 18 मार्च से एक मजबूत पश्चिम विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से 21 मार्च तक प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि देखने को मिल सकती है।

मंगलवार को प्रदेश के चार शहरों का दिन का पारा 35 पार तो पांच शहरों का रात का पारा 20 डिग्री के पार दर्ज किया गया। 38 डिग्री के साथ चित्तौडग़ढ़ का दिन और 21.8 डिग्री के साथ पाली की रात सबसे गर्म रही। हाल में प्रदेश के कई हिस्सों में हुई आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से आमजन को तेज गर्मी से निजात मिली है।

### पश्चिम एशिया जंग: नाटो देशों में ट्रंप का साथ देने से किया इनकार

# ईजरायल हमले में ईरान के सुरक्षा प्रमुख लारीजानी और कमांडर सुलेमानी की मौत

तेहरान



ईरान ने मंगलवार की देर रात बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी की मौत की पुष्टि कर दी। ईरान की न्यायपालिका की समाचार एजेंसी मीजान ने यह खबर दी है। इससे पहले इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने दावा किया था कि सुलेमानी और ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को एक रात पहले मार गिराया गया।

दोनों नेताओं को जनवरी में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान कार्रवाई में अहम भूमिका निभाने वाला माना जाता था। इनकी मौत ऐसे समय में हुई है जब ईरान युद्ध जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। इस्राइल-अमेरिका के जारी हमलों को इस्लामिक गणराज्य के लिए हाल के दशकों की सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है।

हालांकि ईरान ने अली लारीजानी की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और न ही इसे खारिज किया है। लारीजानी को देश के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिना जाता है, खासकर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनकी भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई थी। लारीजानी पूर्व में संसद अध्यक्ष और वरिष्ठ नीति सलाहकार भी रह चुके थे। परमाणु वार्ता में भी उनकी भूमिका रही थी।


जनरल सुलेमानी पर अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे, क्योंकि उन पर वर्षों से विरोध प्रदर्शनों को दबाने में भूमिका निभाने का आरोप था। वहीं, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस्राइली सेना के हमलों पर कहा कि इनका उद्देश्य ईरान की सरकार को कमजोर करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से ईरान की जनता को अपनी स्थिति बदलने का अवसर मिल सकता है।

इस्राइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने भी इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि इससे ईरानी नागरिकों की सुरक्षा बेहतर होगी।

## ट्रम्प बोले- नाटो देश ईरान जंग में साथ नहीं देना चाहते, अब किसी की जरूरत नहीं

तेल अवीव/तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि NATO के ज्यादातर सहयोगी देश ईरान के खिलाफ चल रहे अमेरिकी सैन्य अभियान में शामिल नहीं होना चाहते।



ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका वर्षों से इन देशों की सुरक्षा पर अरबों डॉलर खर्च करता रहा है, लेकिन जरूरत के समय वे साथ नहीं आते। उन्होंने NATO को 'वन-वे स्ट्रीट' बताया। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इस रवैये पर हैरानी नहीं है और अमेरिका को अब सहयोगी देशों की मदद की जरूरत भी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी सेना ने ईरान की सैन्य ताकत को काफी हद तक खत्म कर दिया है और अब वह किसी के समर्थन के बिना भी स्थिति संभाल सकता है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि जापान, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की मदद की भी अमेरिका को जरूरत नहीं है।

### इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की कड़ी चेतावनी

*इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने सुलेमानी की हत्या पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। संगठन ने चेतावनी दी कि वे अपने शहीद नेताओं के खून का बदला लेने से पीछे नहीं हटेंगे। IRGC ने कहा कि इन हत्याओं से ईरान की जनता और बसीज बल के जवानों का हौसला और मजबूत होगा और वे प्रतिरोध के रास्ते पर और दृढ़ता से आगे बढ़ेंगे।*

## कांग्रेस ने ओडिशा में 3 विधायकों को पार्टी से निकाला, 5 को नोटिस



### राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की

भुवनेश्वर, चंडीगढ़


ओडिशा में कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले तीन विधायकों को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने तीनों विधायकों को विधानसभा से अयोग्य घोषित करने के लिए स्पीकर को लेटर भी लिखा है। हरियाणा में कांग्रेस पांच विधायकों को नोटिस देने की तैयारी कर रही है। इस बीच हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने पार्टी छोड़ दी है।

ओडिशा में कांग्रेस ने रमेश जेना, दशरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस को पार्टी से निकाला है। तीनों विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के पक्ष में वोट दिया था। क्रॉस वोटिंग की वजह से कांग्रेस और झ्छ्ष्ठ के संयुक्त उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा।

राज्यसभा चुनाव में बिहार, ओडिशा और हरियाणा में क्रॉस वोटिंग, विधायकों के लापता रहने और कुछ दलों की ओर से मतदान से दूर रहने के कारण बाजी पलट गई। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन जहां फायदे में रहा, वहीं विपक्षी गठबंधन हाथ मलते रह गया। बिहार में राज्यसभा की पांच सीटें थी, लेकिन छह प्रत्याशी के मैदान में आने के बाद चुनाव कराना पड़ा। यहां चार सीटों पर एनडीए गठबंधन की जीत पहले तय थी, लेकिन भाजपा ने राजनीतिक गोटियां फिट करते हुए कांग्रेस और राजद के महागठबंधन से पांचवीं सीट भी झटक ली।

## पाकिस्तान की अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक, 400 की मौत

काबुल



पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए।

तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है।

वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया।

अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है।

# बस और ट्रोला की भिड़ंत में 5 लोगों की मौत

### मेगा हाईवे पर एक दर्जन से अधिक घायल, कई की हालत गंभीर

हनुमानगढ़



जिले में मंगलवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। रावतसर थाना क्षेत्र में सरदारशहर रोड स्थित बरमसर के पास मेगा हाईवे पर एक निजी बस और ट्रोले की आमने-सामने भिड़ंत में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। निजी बस श्रीगंगानगर से जयपुर जा रही थी।

इसी दौरान सड़क किनारे सरसों से भरी दो ट्रॉलियां खड़ी थीं। बस चालक उन्हें ओवरटेक कर रहा था, तभी सामने से आ रहे ट्रोले से उसकी जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की। सभी घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से रावतसर अस्पताल पहुंचाया गया। एसडीएम संजय अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही पांच यात्रियों की मौत हो चुकी थी।

गंभीर रूप से घायल 3-4 लोगों को हनुमानगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि 7 घायलों का इलाज रावतसर अस्पताल में चल रहा है। हादसे में मारे गए पांच लोगों में से तीन मृतकों की पहचान हो चुकी है, जिनमें अजय बंसल पुत्र श्यामलाल बंसल, श्यामलाल, हरिराम पुत्र हनुमान प्रसाद हैं। ये लोग हनुमानगढ़ टाउन के रहने वाले थे। पुलिस एक महिला और पुरुष के शव की पहचान के प्रयास में जुटी हुई है।

## बच्चा गोद लेने पर मां को 12 हफ्ते छुट्टी

### सुप्रीम कोर्ट बोला- पिता को छुट्टी का भी नियम बने

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिला को 12 हफ्ते की छुट्टी मिलेगी। सिर्फ 3 महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही छुट्टी देना गलत है।

जस्टिस जे बी परदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी। इस दौरान बेंच ने धारा 60(4) को असंवैधानिक करार देते हुए बच्चे की उम्र 3 महीने से कम होने के नियम को रद्द कर दिया।


हमसानंदिनी नंदूरी ने इस मामले में जनहित याचिका दाखिल की थी। उन्होंने कहा था कि उम्र के आधार पर छुट्टी देना गलत है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) का उल्लंघन है।

इसके अलावा कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पितृत्व अवकाश (पिता की छुट्टी) को भी कानून में शामिल करे। कोर्ट ने कहा कि इसकी अवधि माता-पिता और बच्चे की जरूरतों के अनुसार तय होनी चाहिए।

# लोकसभा से 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन हटाया

### स्पीकर बिरला ने सांसदों से कहा- पोस्टर और एआई से बनीं तस्वीरें न दिखाएं

नई दिल्ली



लोकसभा के आठ सांसदों का निलंबन निरस्त हो गया है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू की तरफ से प्रस्ताव रखे जाने के बाद स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा सांसदों की तरफ से मतदान कराया।

निलंबन रद्द किए जाने की सहमति बनने पर उन्होंने आठों सांसदों का नाम लेकर कहा कि सभी सांसदों का निलंबन तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जा रहा है। अब ये सभी सांसद संसद के बजट सत्र में हिस्सा ले सकेंगे। इस फैसले के दौरान स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने कहा कि सदन के भीतर तख्तियां, बैनर और एआई जनित तस्वीरों के इस्तेमाल की सख्त मनाही है। सभी सांसदों को इसका ध्यान रखना चाहिए।

### रिजिजू के प्रस्ताव पर रद्द हुआ निलंबन

इससे पहले संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने भी कहा कि सरकार या सत्ताधारी खेमा किसी भी सांसद को सदन की कार्यवाही से जानबूझकर बाहर निकालना नहीं चाहता। उन्होंने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। निलंबन की कार्रवाई और सांसदों को राहत दिए जाने पर चर्चा के दौरान महाराष्ट्र से निर्वाचित महिला सांसद सुप्रिया सुले ने असहमति को दबाए जाने को लेकर चिंता जाहिर की।

तीन फरवरी को निलंबन की कार्रवाई उस समय हुई थी जब दोपहर तीन बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई। पीठासीन स्पीकर ने कहा कि स्पीकर के आसन की ओर कागज फेंकने वाले सदस्यों के नाम दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने सभी सांसदों का नाम लेकर उन्हें निलंबित किए जाने को लेकर आम सहमति का सवाल किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई।

## पंचायत समिति एईएन 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### बिल पास करने के बदले मांगे थे रुपए

राजसमंद

राजसमंद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पंचायत समिति रायपुर (ब्यावर) में पोस्टेड सहायक अभियंता को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। बिल पास करने के बदले 15 हजार रुपए की सरकारी आवास से रंगे हाथ पकड़ा। ट्रैप कार्रवाई के बाद आरोपी के घर की तलाशी में 5 लाख 23 हजार रुपए नकद भी बरामद हुए हैं। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत चारण ने बताया कि आरोपी लंबे समय से परिवादी से रिश्वत की मांग कर रहा था, जिसकी शिकायत मिलने पर सोमवार रात को कार्रवाई की गई।

ASP हिम्मत चारण के अनुसार, शिकायत में सामने आया कि पंचायत समिति रायपुर (जिला ब्यावर) में कार्यरत सहायक अभियंता प्रदीप कुमार, जो महिला एवं बाल विकास विभाग में अतिरिक्त चार्ज भी संभाल रहे थे, परिवादी के लंबित बिलों की मेजरमेंट बुक भरने के बदले 21 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे थे। बाद में सौदा 15 हजार रुपए में तय हुआ।

### उत्तराखंड के बाद गुजरात में भी यूसीसी होगा लागू

# सीएम को सौंपी ड्राफ्ट रिपोर्ट, समान कानूनी ढ़ांचा बनेगा

### 24 मार्च को सदन में पेश हो सकता है विधेयक

गांधीनगर



उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता लागू हो सकता है। यूसीसी के लिए गठित समिति ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है। समिति ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद इसने अंतिम सिफारिशों सहित अपनी रिपोर्ट पेश की है।

गुजरात सरकार आज शाम को इस रिपोर्ट पर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ चर्चा करेगी। यूसीसी से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा मौजूदा विधानसभा सत्र में ही की जाएगी।

रिपोर्ट 23 मार्च को सदन में रखी जा सकती है, जबकि 24 मार्च को बिल पेश किए जाने की संभावना है, जो इस बजट सत्र का अंतिम दिन भी है।

अगर यह बिल पास हो जाता है, उत्तराखंड के बाद यूसीसी लागू करने वाला गुजरात देश का दूसरा राज्य बन जाएगा।

### महिलाओं के समान अधिकारों को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने ङ्ग पर लिखा- गुजरात में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन के लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति ने अपनी विस्तृत और अंतिम रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है।

रिपोर्ट में विवाह, तलाक, संपत्ति में उत्तराधिकार और गोद लेने जैसे मुद्दों पर सभी धर्मों और समुदायों के लिए समान कानूनी ढांचा लागू करने का सुझाव दिया गया है।

खास तौर पर महिलाओं के समान अधिकार और उनकी सुरक्षा को इस ड्राफ्ट में प्राथमिकता दी गई है।

साथ ही, रिपोर्ट तैयार करते समय गुजरात की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

### सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज हैं रंजना प्रकाश देसाई

पांच सदस्यीय इस समिति का गठन 4 फरवरी 2025 को किया गया था, जिसकी अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई कर रही हैं। जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज हैं।

वे 13 सितम्बर 2011 से 29 अक्टूबर 2014 तक सर्वोच्च न्यायालय में जज रहीं।

जस्टिस रंजना देसाई जम्मू-कश्मीर पर परिसीमन आयोग की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। देसाई सुप्रीम कोर्ट में आने से पहले बॉम्बे हाईकोर्ट की जज भी रह चुकी हैं।

### सरकार की सलाह- एलपीजी प्रयोग में किफायत बरतें

# घबराएं नहीं, अफवाहों से बचें, घर में ही मिलेगा गैस सिलेंडर

### कहा- सभी को e-KYC की जरूरत नहीं; केवल वे लोग कराएं जिनका रिकॉर्ड अधूरा

नई दिल्ली




केंद्र सरकार ने उन खबरों पर जवाब दिया है जिनमें कहा जा रहा था कि अगर ग्राहकों ने e-KYC नहीं कराया, तो उनका गैस कनेक्शन काट दिया जाएगा। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि द्गय्ङ्घष्ट की जरूरत सिर्फ उन्हीं ग्राहकों को है, जिनका वेरिफिकेशन अब तक नहीं हुआ है। सरकार ने कहा कि यह कोई नया नियम नहीं है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जो जानकारी दी है, वह पुराने अभियान का ही हिस्सा है। इसका मकसद सिर्फ इतना है कि ज्यादा से ज्यादा गैस ग्राहक अपना बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करवा लें, ताकि सिस्टम में फर्जीवाड़ा न हो।

यदि आप एक सामान्य एलपीजी ग्राहक हैं और आपने पहले अपना eKYC करवा लिया है, तो आपको यह प्रक्रिया दोबारा करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह नियम सिर्फ उन लोगों पर लागू होता है जिनका रिकॉर्ड अब तक अपडेट नहीं हुआ है।

उज्ज्वला योजना के ग्राहकों के लिए नियम थोड़े अलग है। इन ग्राहकों को हर वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराना होता है। यह वेरिफिकेशन भी सिर्फ उन उज्ज्वला ग्राहकों के लिए आवश्यक है जो साल में 7 सिलेंडर लेने के बाद 8वें और 9वें रिफिल पर मिलने वाली टारगेटेड DBT सब्सिडी का लाभ उठाना चाहते हैं।

### फर्जी ग्राहकों और कालाबाजारी पर लगाम लगेगी

सरकार का कहना है कि eKYC कराने का मुख्य उद्देश्य सिस्टम में पारदर्शिता लाना है। इससे 'घोस्ट कंज्यूमर्स' यानी उन फर्जी गैस कनेक्शनों को हटाने में मदद मिलती है जो किसी और के नाम पर चल रहे हैं। इसके अलावा इससे एलपीजी की कालाबाजारी रोकने में भी मदद मिलेगी।



# मस्तिष्क में प्रोटीन के गुच्छे बनने से घटती है याददाश्त

**दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग अल्जाइमर और अन्य तरह की डिमेंशिया से प्रभावित हैं लेकिन दुनिया में इसका प्रभावी इलाज के संबंध में प्रगति धीमी है। वैज्ञानिकों ने बताया कि मरीज के मस्तिष्क में अल्जाइमर से संबंधित प्रोटीन गुच्छे के रूप में जमा होने लगते हैं, जिससे मस्तिष्क की कोशिकाएं मरने लगती हैं और स्मृति लोप होने संबंधी लक्षण दिखने लगते हैं।**

साइंस एडवांसेस में प्रकाशित जॉर्ज मिसल और उनके सहकर्मियों के शोध में अल्जाइमर रोगियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। इस तरह से अनुसंधानकर्ता मस्तिष्क में अल्जाइमर बीमारी के बढ़ने को रोकने की प्रक्रिया के संबंध में बेहतर समझ बनाने में सक्षम हुए।

## गुच्छों के दोगुना होने में पांच साल का समय लगा

अध्ययन से पता चला कि गुच्छों के दोगुना होने में करीब पांच साल का समय लगा। अध्ययन में बताया गया कि कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए देशों के बीच यात्रा रोकना बेहद प्रभावी कदम नहीं हो सकता है जब मूल देश में पहले से ही उल्लेखनीय रूप से संक्रमित लोगों की मौजूदगी पहले से ही हो। इसी तरह से मस्तिष्क क्षेत्रों के बीच गुच्छों के प्रसार को रोकना अल्जाइमर के एक बार शुरू हो जाने के बाद इसे धीमा करने में नाकाफी हो सकता है।

## धीरे-धीरे बढ़ती जाती है गुच्छों की संख्या

अल्जाइमर की बीमारी और तंत्रिका तंत्र से संबंधित अन्य बीमारियों में प्रोटीन, वे सूक्ष्म गुच्छों में एकसाथ चिपकने लगते हैं। मरीज के मस्तिष्क में ये गुच्छे के रूप में जमा होने लगते हैं, जिससे मस्तिष्क की कोशिकाएं मरने लगती हैं और स्मृति लोप होने संबंधी लक्षण दिखने लगते हैं। जैसे-जैसे इन गुच्छों की संख्या बढ़ती जाती है, बीमारी बढ़ती जाती है और हल्के लक्षण सामने आने के वर्षों बाद मौत तक हो जाती है। अब तक विस्तार से वैज्ञानिकों के हाथ यह जानकारी नहीं लग पाई है कि आखिर ये गुच्छे बन कैसे जाते हैं और इन्हें कैसे नियंत्रित किया जा सकता है।



# सुपरफूड है अंडा
## कई बीमारियों से बचाता है

**अंडा एक ऐसा सुपरफूड है, जिसमें प्रोटीन, कैल्शियम, ओमेगा-3 फैटी एसिड विटामिन ए और बी की भरपूर मात्रा होती है। इसका रोजाना सेवन शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मदद करता है। वहीं हाल ही में हुए एक शोध के अनुसार रोजाना 1 अंडा खाने से डायबिटीज का खतरा कम होता है।**

### टाइप-2 डायबिटीज का खतरा कम करता है अंडा

इस स्टडी की रिपोर्ट के सामने आने के बाद कई दूसरे वैज्ञानिक इसका विरोध कर रहे हैं क्योंकि डायबिटीज में अंडा खाने को लेकर शोधकर्ताओं की राय अलग-अलग है। जहां कुछ वैज्ञानिक इसका सेवन सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं वहीं अन्य शोधकर्ताओं के हिसाब से डायबिटीज के मरीजों को अंडे का सेवन नहीं करना चाहिए।

### हफ्ते में कितने अंडे खाना है सुरक्षित?

इस नई स्टडी के अनुसार, हफ्ते में 3 अंडे खाना बिल्कुल सुरक्षित है। अगर आपको डायबिटीज है तो अंडे को उबालकर ही खाएं।

### फायदेमंद है अंडे का सेवन

जो पुरुष रोजाना अंडे का सेवन करते हैं उनके खून में लिपिड की मात्रा थोड़ी ही पाई जाती है, जिससे इस बीमारी का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। अंडा सेहत को कई तरीके से फायदा पहुंचाता है। फिलहाल अंडा खाने या ना खाना अभी तक शोधकर्ताओं के लिए पहेली ही बना हुआ है। हालांकि इस नई स्टडी के नतीजों में दावा किया है कि रोजाना एक अंडा खाने से डायबिटीज का खतरा कुछ हद तक कम हो जाता है।


### कैसे और कब खाना चाहिए अंडा

रोजाना 2 उबले हुए अंडे खाने से शरीर कई बीमारियों से बचाया जा सकता है। अंडा को ब्रेकफास्ट के रूप में खाने से शरीर को सबसे ज्यादा फायदा मिलता है। जिम जाने वाले लोगों को कच्चा अंडा दूध में मिलाकर खाना चाहिए। इसके अलावा कच्चे अंडे की जर्दी (एग योक) का सेवन भी आपको कई गंभीर बीमारियों से बचाता है।

### व्हाइट या ब्राउन कौन है बेस्ट?

व्हाइट और ब्राउन दोनों ही अंडों पर काफी बार शोध किया जा चुका है, जिसमें इन दोनों में कोई खास अंतर पता नहीं चला। दोनों के फायदे, क्वॉलिटी, आकार सभी कुछ एक जैसा है। यहां तक दोनों में पोषण भी एक जैसा ही होता है लेकिन ब्राउन अंडे में व्हाइट अंडे से थोड़ा ज्यादा ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है।

### रोजाना अंडा खाने के अन्य फायदे



#### मजबूत इम्यून सिस्टम

रोजाना ब्रेकफास्ट में एक अंडा खाने से इम्यून सिस्टम मजबूत है। इससे आप सर्दी-जुकाम जैसे वायरल इंफेक्शन से बचे रहते हैं।

#### वजन कंट्रोल

अगर आप वजन कंट्रोल करना चाहते हैं तो रोजाना इसका सेवन जरूर करें। इससे दिनभर पेट भरा रहता है, जिससे आप ओवरइटिंग से बच जाते हैं और आपका वजन कंट्रोल में रहता है।

#### आंखों व दिमाग के लिए फायदेमंद

इसमें कॉलिन और कैरोटिनायड्स नाम का पोषक तत्व होता है, जो आंखे व दिमाग के लिए बेहद फायदेमंद है।

#### स्वस्थ दिल

इसका सेवन करने से बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है, जिससे दिल स्वस्थ रहता है और आप हार्ट अट्रैक जैसी समस्याओं से बचे रहते हैं।

#### ब्रैस्ट कैंसर से बचाव

अंडे में पाया जाने वाला फॉलिक एसिड और विटामिन बी12 ब्रैस्ट कैंसर से बचाव करता है। अगर आप भी ब्रैस्ट कैंसर से बचना चाहते हैं तो रोज इसका सेवन करें।





# सर्दियों में होंठ और हाथों की यूं करें देखभाल

**सर्दियों में होंठ व हाथ रूखे हो जाते हैं। ऐसे में इन्हें खास देखभाल की जरूरत होती है। होंठ और हाथों की देखभाल के संबंध में ये सुझाव दिए हैं :**

## हाथों के लिए सुझाव

- हाथ धुलने के बाद मॉइश्चराइजर बरकरार रखने के लिए हमेशा अच्छा हैंड क्रीम लगाएं।
- रात में हाथों को अच्छे नरीशिंग क्रीम से मसाज करें और नाखूनों व नाखूनों के आसपास के हिस्से में भी मसाज करना नहीं भूलें।
- नहाने से पहले त्वचा पर तेल से मसाज करें। इससे आपके हाथ मुलायम बनेंगे।
- नहाने के तुरंत बाद लोशन या क्रीम लगाएं। इससे त्वचा में नमी बरकरार रहेगी।
- सर्दियों में शावर जेल या ग्लिसरीन युक्त साबुन का इस्तेमाल करें।
- एक बड़े चम्मच एवोकैडो ऑयल में एक बड़ा चम्मच शहद और एक बड़ा चम्मच दही मिला लें और इससे हाथों की मसाज करें। हाथों का रूखापन दूर करने के लिए 10 मिनट बाद धो लें।

## होंठ की देखभाल

- होंठों को रूखेपन व फटने से बचाने के लिए आर्गन प्योर कोल्ड प्रेस्ड ऑयल की कुछ बूंदों में एक बड़ा चम्मच ब्राउन शुगर मिलाकर लगाएं।
- फटे होंठों के लिए शहद मॉइश्चराइजर का काम करता है। शहद को अपने होंठों पर लगा लें या फिर रात में सोने से पहले शहद और ग्लिसरीन के मिश्रण को लगा लें।
- आप चाहे तो ताजे दूध की क्रीम भी होंठों पर लगा सकते हैं और इसे 10 मिनट तक लगा रहने दें। फिर इसे गुनगुने पानी में भीगी रूई के फाहे से हल्के हाथों से साफ कर लें। कोमल व गुलाबी रंगत के होंठों के लिए ऐसा रोजाना करें।
- रात में सोने जाने से पहले होंठों को गुनगुने पानी से धोकर मुलायम कपड़े से पोंछे ले और फिर तुरंत लिप बाम लगा लें।
- होंठों की नमी बरकरार रखने के लिए पानी का सेवन खूब करें, इससे आपके होंठों की कोमलता बरकरार रखने में मदद मिलेगी।
- सर्दियों में होंठों को फटने से बचाने के लिए ऑर्गेनिक घी, बादाम तेल और नारियल तेल युक्त लिप बाम का इस्तेमाल करें।
- सर्दियों में लिपस्टिक आपके होंठों को सुरक्षा प्रदान करता है। पिंक या प्लम कलर के लिपस्टिक लगा सकती हैं, जो आपके होंठों की न सिर्फ खूबसरती बढ़ाएगा, बल्कि इसे कोमल भी रखेगा। ऑर्गेनिक घी, शहद, बादाम तेल, रोज ऑयल जैसे इंग्रेडिएंट्स सर्दियों में आपके होंठों को कोमल रखेंगे।
- रोजाना हैंडक्रीम लगाने से हाथ रूखे नहीं होंगे। कोकम बटर, ऑर्गेनिक हनी, एलो, हल्दी, सेसम ऑयल, एप्रिकोट ऑयल जैसे इंग्रेडिएट्स अल्ट्रा-मॉइश्चराइजिंग होते हैं, जो त्वचा को मुलायम रखते हैं।
- गर्मियों की तरह ही सर्दियों में भी त्वचा को हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाना जरूरी है। तेज धूप में त्वचा को टैनिंग से बचाने के लिए धूप में निकलने से पहले सन प्रोटेक्शन क्रीम का इस्तेमाल करें।

# रोजाना लौंग चबाने से ये प्रॉब्लम्स हो जाएंगी दूर

**मसाले खाने को स्वादिष्ट बनाने के ही नहीं बल्कि सेहत से जुड़ीं कई परेशानियों को भी ठीक करते हैं। जैसे, लौंग का इस्तेमाल खाने के साथ चाय को स्वादिष्ट बनाने में भी किया जाता है। लौंग के कई फायदे हैं।**

### दांत दर्द में राहत

लौंग खाने से दांत का दर्द ठीक होता है। लौंग में दर्द को शांत करने वाले गुण पाए जाते हैं। ऐसे में अगर आपके दांत में दर्द हो तो लौंग को अपने दांत के बीच में दबाकर रखें।

### इंफेक्शन को दूर करता है

लौंग में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं। जिसका मतलब है कि यह बैक्टीरिया या अन्य सूक्ष्मजीवों से होने वाले संक्रमण से बचाव प्रदान कर सकता है। स्किन पर कहीं इंफेक्शन होने पर गुस जगह पर लौंग का पेस्ट लगाने की सलाह दी जाती है।

### एसिडिटी में राहत

सुबह खाली पेट लौंग के सेवन करने से पाचन संबंधी समस्या दूर हो जाती है। लौंग पाचन एंजाइम के स्राव को बढ़ाते हैं, जो डाइजेशन प्रॉब्लम्स को रोकने या ठीक करने में कारगर है।

### पिंपल्स को ठीक करने में कारगर

आपको अगर ऑयली स्किन की वजह से चेहरे पर पिंपल्स हो जाते हैं, तो आपको लौंग का पेस्ट एलोवेरा जेल में डालकर पिंपल्स पे लगाना चाहिए। इससे पिंपल्स ठीक हो जाते हैं।

### मुंह की बदबू को दूर करें

आपके मुंह से अगर सुबह उठने पर बदबू आती है या मसूड़ों में दर्द रहता है, तो आप रोजाना एक लौंग को अपने मुंह में दबा लें, इससे धीरे-धीरे मुंह से बदबू आनी बन्द हो जाएगी।

### पेट का अल्सर

पेट के अल्सर के इलाज में लौंग काफी मदद कर सकता है। यह अल्सर आमतौर पर पेट की सेफ्टी लेयर के कम हो जाने के कारण हो जाते हैं, जिसमें लौंग खाने से फायदा होता है।



# छोटी सी राई में कितनी खूबियां



- इसकी गिनती सरसों की जाति में होती है। इसका दाना छोटा व काला होता है। राई का प्रमुख गुण पाचक होता है।
- पेट के कीड़े इसका पानी पीने से मर जाते है।
- हैजे में राई को पीस कर पेट पर लेप करने से उदरशूल व मरोड़ में आराम मिलता है।
- इसकी पुल्टिस बना कर दर्द वाली जगह पर सेंक किया जाए तो तुरंत राहत मिलती है। राई के लेप से सूजन कम होती है।
- गर्म पानी में राई डालने से राई फूल जाती है। और उसके गुण पानी में पहुंच जाते हैं। इस पानी को गुनगुना सहने योग्य कर किसी टब में कमर तक भर कर बैठा जाए तो सभी प्रकार के यौन रोग प्रदर, प्रमेह आदि में बेहतर सुधार आता है।
- इसे पीस कर शहद में मिलाकर सूंघने से जुकाम में आराम मिलता है।
- मिर्गी-मूर्च्छा में मात्र राई पीस कर सूंघाने से फायदा होता है।
- राई के तेल में बारीक नमक मिलाकर मंजन करने से पायरिया रोग का नाश होता है।
- राई के अधिक प्रयोग से उल्टी हो सकती है अत: राई का सीमित मात्रा में प्रयोग करना चाहिए।



# सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाएंगे गुड़ मेथी के लड्डू

सर्दियों में गुड़ मेथी के लड्डू खाने का मजा ही कुछ और है। गुड़ मेथी के लड्डू ना सिर्फ स्वाद में गजब होते हैं बल्कि इससे इम्यूनिटी बढ़ने के साथ सर्दी भी कम लगती है। जानते हैं, कैसे बनाएं गुड़ मेथी के लड्डू

### लड्डू बनाने के लिए सामग्री

100 ग्राम मेथी दाना, 1/2 लीटर दूध 300 ग्राम गेहूं का आटा, 250 ग्राम घी 100 ग्राम गोंद, 30-35 बादाम 300 ग्राम गुड़ या चीनी 8-10 काली मिर्च, 2 छोटी चम्मच जीरा पाउडर, 2 चम्मच सोंठ पाउडर, 10 छोटी इलाइची, 4 टुकड़े दालचीनी, 2 जायफल

### लड्डू बनाने की विधि

- सबसे पहले मेथी दाना को साफ कर लें। अब मेथी को मिक्सर से थोड़ी दरदरी पीस लें।
- एक पैन में दूध उबालने के लिए रख दें।
- अब पिसी हुई मेथी को 8-10 घंटे के लिए दूध में भिगो दें।
- बादाम को काट लें और काली मिर्च, दाल चीनी, इलाइची और जायफल को कूट लें।
- अब एक कड़ाही में आधा कप घी डालकर, भीगी हुई मेथी को भूनें. आपको मध्यम आंच पर इसे हल्का ब्राउन होने तक भूनना है।
- अब बचे हुए घी में गोंद को तल लें और किसी प्लेट में निकाल लें।
- इसी कड़ाही में बाकी घी डालकर आटे को हल्का ब्राउन होने तक भून लें।
- इसके बाद कड़ाही में 1चम्मच घी डाल कर, गुड़ को पिघला लें और चाशनी बना लें।
- गुड़ की चाशनी में, जीरा पाउडर, सोंठ पाउडर, कटे हुए बादाम, काली मिर्च, दालचीनी, जायफल और इलाइची डालकर अच्छी तरह मिला लें।
- अब इसमें भुनी हुई मेथी, भुना आटा, भुना गोंद डासकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें।
- इस मिश्रण से अपनी पसंद के आकार के लड्डू बनाकर रख लें. लड्डू को थोड़ी देर के लिए हवा में खुला रहने दें।
- बाद में किसी एअर टाइट डब्बे में सभी लड्डू को भरकर रख लें। आप इन्हें दूध से रोज सुबह शाम खाएं।
- आप चाहें तो लड्डू में गुड़ की जगह पर चीनी या बूरा का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।
- अपने पसंद के हिसाब से लड्डू में कोई मेवा कम या ज्यादा भी कर सकते हैं।
- मेथी के लड्डू खाने से आपको जोड़ों के दर्द, कमर दर्द और सर्दी में आराम मिलेगा।

# मांडलगढ़: रसद विभाग की बेरुखी से 500 परिवारों के घर नहीं जल रहा चूल्हा, त्योहारों पर भी गेहूं को तरसे लाभार्थी

## पुराने गबन की सजा भुगत रहे वर्तमान उपभोक्ता; होली-शीतला सप्तमी बीती, अब ईद पर भी संकट के बादल

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़




नगरपालिका क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले राशन के गेहूं की किल्लत ने आमजन को बेहाल कर दिया है। जिला रसद विभाग द्वारा पूर्ण मात्रा में खाद्यान्न का आवंटन नहीं किए जाने से करीब 400 से 500 परिवार पिछले लंबे समय से राशन से वंचित हैं। हैरानी की बात यह है कि होली और शीतला सप्तमी जैसे बड़े त्यौहार बिना राशन के बीत गए और अब ईद का पर्व नजदीक है, लेकिन लाभार्थियों के हाथ खाली हैं।

### पुराने गबन का खामियाजा भुगत रही जनता:

नगरवासी आमीन सिलावट, प्रकाश तम्बोली, कैलाश सेन और बनवारीलाल सेन सहित कई पीड़ितों ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि रसद विभाग पूर्व राशन डीलरों द्वारा किए गए गबन के मामले को आधार बनाकर गेहूं का आवंटन कम कर रहा है। विभाग की इस प्रशासनिक खींचतान का खामियाजा उन गरीब परिवारों को भुगतना पड़ रहा है, जिनका गुजारा पूरी तरह सरकारी राशन पर निर्भर है।


### राशन डीलरों की बढ़ी मुसीबत:

उधर, आवंटन कम होने के कारण राशन डीलरों को भी उपभोक्ताओं के गुस्से और तानों का सामना करना पड़ रहा है। लाभार्थी प्रतिदिन दुकानों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन खाली हाथ लौटने पर उनका धैर्य जवाब दे रहा है।

'मांडलगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में तीन राशन दुकानों में गबन का मामला सामने आया था, जो फिलहाल विचाराधीन है। इसी तकनीकी कारण से पूर्ण मात्रा में आवंटन नहीं हो पा रहा है। मामले में जल्द कार्रवाई कर राशन की सुचारू सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी।'

**अमरचंद मिश्र, जिला रसद अधिकारी (DSO), भीलवाड़ा**

## खबर का बड़ा असर





स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

23 फरवरी को स्मार्ट हलचल में 'सुविधा बनी दुविधा' शीर्षक नाम से प्रकाशित खबर का हुआ बड़ा असर, ज्ञात रहे की लगभग 50 लाख की लागत से बने अत्याधुनिक सुविधाओं पर लोकार्पण के बाद ताले की समस्या को स्मार्ट हलचल ने प्रमुखता से उठाया था। जिसको नगर निगम के जिम्मेदारों ने गंभीरता से लेते हुए बंद ताले को खोलकर इसको शुरू कर दिया गया।


smarthalchal.com
स्मार्ट हलचल
साफ सफाई का टेंडर नहीं होने से 'सुविधा बनी दुविधा'
लोकार्पण के बाद अत्याधुनिक सुविधाओं पर ताला, अधुरे काम का लोकार्पण कर इतिश्री

# रंगतेरस पर जीनगर समाज की कौड़ामार होली का आयोजन, भाभियों ने जमकर बरसाए देवरों की पीठों पर कौड़े

## पूर्व शहर विधायक अवस्थी व एएसपी जैन ने किया, आयोजन का शुभारंभ





स्मार्ट हलचल | राजेश जीनगर

**भीलवाड़ा।** शहर के सर्राफा बाजार में जीनगर समाज द्वारा मंगलवार को रंगतेरस पर वर्षों पुरानी परंपरा का आयोजन कोड़ामार होली का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। बताया जाता है की वीरांगनाओं के बलिदान की याद में मनाया जाने वाला यह 200 साल पुराना पारंपरिक उत्सव शहर के साथ ही विभिन्न कॉलोनियों और बस्तियों के लोगों को आकर्षित करता है। इस दौरान चार कड़ाव में 15 हजार लीटर पानी और 20 किलो रंग घोला जाता है, महिलाएं कड़ाव की सुरक्षा के लिए कपड़े से बने कोड़े लेकर खड़ी रहती है और पुरुषों द्वारा डोलची से पानी फेंकने पर उन्हें कोड़े से जवाब दिया जाता है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के पुर्व विधायक विठ्ठलशंकर अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन ने अपने संबोधन से किया। इस मौके बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा। करीब बारह बजे शुरू हुआ यह आयोजन दोपहर तक बड़े उत्साह से चला। जिसमें भाभियों ने जमकर देवरों की पीठ पर कौड़े बरसाए। इस दौरान कड़ाव को कई बार पानी से भरा गया। बताया जाता है की यह आयोजन महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ समुदाय में उत्साह और सहभागिता का प्रतीक बन चुका है। समाज के हर वर्ग बुजुर्ग, महिलाएं और युवा इस परंपरा में सक्रिय योगदान देते आए हैं।

### रंगतेरस के पर इसलिए खेली जाती है, कोड़ामार होली

कोड़ामार होली के पीछे एक बड़ा कारण भी बताया जाता है की वर्ष 1568 में चित्तौड़गढ़ के किले पर अलाउद्दीन खिलजी ने आक्रमण किया तब चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को महारानी पद्मिनी ने हजारों वीरांगनाओं के साथ जौहर किया था। दो दिन बाद तेरस के दिन क्षत्रियों ने किले व मातृभूमि की रक्षा के लिए केसरिया बाना पहनकर शाका किया, जिसे इतिहास में खून की होली के नाम से जाना जाता है। उन्हीं वीरांगनाओं के बलिदान को याद करते हुए मेवाड़ में रंग तेरस पर्व मनाया जाता है। करीब 200 सालों से कोड़ामार होली का आयोजन कर रहा है, जिसमें विशेषकर नव विवाहित जोड़े शामिल होते हैं।

### बैरवा मोहल्ला से हाथों में कोड़े लेकर आती है, समाज की महिलाएं

आयोजन से पुर्व समाज की महिलाएं सुबह बैरवा मोहल्ला में एकत्र होकर ढोल की थाप पर हाथों में कपड़े से निर्मित कोड़े लेकर सामूहिक रूप से सर्राफा बाजार में कार्यक्रम स्थल के लिए निकलती है, जहां समाजजनों द्वारा हंसी-ठिठोली के साथ उनका स्वागत किया जाता है, और इसी के साथ कोड़ामार होली खेलने का रोमांचक आयोजन शुरू होता है जो दोपहर बाद तक बड़े उत्साह के साथ जारी रहता है और सांझ ढलने के साथ ही समाज के पंचायती नौहरे में सामुहिक भोज का आयोजन किया जाता है। इस बीच अन्य आयोजन भी होते हैं।

## लापरवाही का नल खुला

# टूटी चंबल लाइन से रोज़ बह रहा हजारों लीटर पानी



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शहर में पेयजल व्यवस्था को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। सांगानेरी गेट स्थित पेट्रोल पंप के पास कोटा रोड पर कार जॉन नामक शॉप के सामने चंबल पानी की पाइपलाइन लंबे समय से टूटी पड़ी है, जिससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पाइपलाइन लीकेज की समस्या काफी समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लगातार बहते पानी के कारण सड़क पर जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

एक ओर शहर में पानी की कमी की समस्या बनी रहती है, वहीं दूसरी ओर इस तरह पानी की बर्बादी लोगों में नाराजगी का कारण बन रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कर पानी की बर्बादी रोकने की मांग की है।

# मेघरास में परीक्षा देने जा रहे दो छात्रों को ट्रक ने कुचला, एक छात्र की मौत एक घायल

स्मार्ट हलचल



**रायला।** बनेड़ा थाना क्षेत्र के मेघरास गांव में मंगलवार दोपहर सड़क हादसा हो गया। परीक्षा देने पैदल जा रहे दो छात्रों को कोयले से भरे आईसर ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में देवराज जाट (14) पुत्र महावीर जाट की मौत हो गई, जबकि भरत सिंह (16) पुत्र बजरंग सिंह राठौड़ गंभीर रूप से घायल हो गया।बीबनेड़ा थाने के सहायक उपनिरीक्षक नोरतमल के अनुसार ट्रक व चालक को डिटेन कर लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों ने दोनों को तुरंत रायला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने देवराज को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल भरत सिंह की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। देवराज का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द किया।

# 38 किलो 850 ग्राम डोडाचूरा जब्त

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** भीलवाड़ा जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हमीरगढ़ थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 38 किलो 850 ग्राम डोडाचूरा पाउडर जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने इस दौरान परिवहन में प्रयुक्त अशोक लीलैंड ट्रक को भी जब्त किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 मार्च 2025 को डीएसटी टीम के कांस्टेबल रमेश कुमार को मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे-48 पर तख्तपुरा के पास होटल सांई के निकट नाकाबंदी की।इस दौरान चित्तौड़गढ़ से भीलवाड़ा की ओर आ रहे एक अशोक लीलैंड 1612 ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान ट्रक के केबिन की छत पर बने बॉक्स को खोलकर जांच की गई,जिसमें दो काले प्लास्टिक के कट्टों में भरा हुआ डोडाचूरा पाउडर मिला।पुलिस ने मौके पर ही मादक पदार्थ जब्त कर लिया और बिना वैध लाइसेंस/परमिट परिवहन करने के आरोप में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में हिम्मत सिंह (29) निवासी जिला सोलन(हिमाचल प्रदेश)तथा अनिल कुमार (20) निवासी जिला बिलासपुर(हिमाचल प्रदेश) शामिल हैं।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर में हत्या कर खेत में गाड़ी बच्ची की लाश, पुलिस के खिलाफ जमकर बवाल, हिरासत में एक

स्मार्ट हलचल



**कानपुर।** यहां 11 साल की एक बच्ची की हत्या कर दी गई । आज मंगलवार को उसकी लाश खेत में गाड़ी हुई पाई गई। इसके विरोध में गांव वालों ने पुलिस के खिलाफ जमकर बवाल भी किया।

फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है । यह घटना बिधनू थाना क्षेत्र में हुई। जब पुलिस मौके पर पहुंची तब शव पर कपड़े का एक टुकड़ा भी नहीं था। चोट के गहरे निशान थे। आशंका जताई जा रही है कि रेप के बाद बच्ची का मर्डर किया गया।

परिवार वालों ने पड़ोसी पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उसका घर फूंकने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला। भीड़ को तितर-बितर किया। गुस्साए लोगों को शांत कराया। आरोपी के घर को घेरकर जांच शुरू की।

जानकारी के मुताबिक इसदौरान पड़ताल के दौरान पुलिस को आरोपी पड़ोसी के घर से मिट्टी से सने कपड़े टंगे मिले। फोरेंसिक टीम ने इसे कब्जे में ले लिया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार बिधनू थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक ने बताया कि उनकी 11 साल की बेटी थी। 5वीं में पढ़ती थी। बच्ची बड़ी बहन के साथ सोमवार दोपहर 3 बजे बकरियां चराने के लिए गई थी। इसी के बाद वहां लापताहो गई । इसके बाद उसके घर वालों ने आसपास के लोगों के साथ गांव में खोजबीन की, जब कुछ पता नहीं चला तो शाम 7 बजे बिधनू थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। इसी के बाद उसकी लाश खेत में गड़ी हुई बरामद की गई ,जिसके बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। साथ हीआरोपित किए गए युवक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

घटना के खिलाफ क्षेत्रीय लोगों में जबरदस्त रोष भी व्याप्त है ,जिसे देखते हुए वहां बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

# आसींद कस्बे के मध्य 700 मी अधूरा हाईवे निर्माण कार्य प्रारंभ



स्मार्ट हलचल | आसींद

आसींद कस्बे में पिछले चार दिनों से जारी नेशनल हाईवे 158 के अधूरे हाईवे निर्माण कार्य को लेकर जारी धरना मंगलवार को उपखंड स्तरीय अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राकेश कुमार के साथ हुई वार्ता तथा प्रेस क्लब के पदाधिकारी की मांग पूर्ण होने के साथ ही समाप्त हुई।

जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे 158 का 700 मी अधूरा हाईवे निर्माण को लेकर पिछले कई समय से हासिल कस्बे वासियों द्वारा विरोध धरना प्रदर्शन तथा ज्ञापन दिए जा रहे थे, प्रेस क्लब द्वारा जारी करने में पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा हाईवे का निर्माण कार्य तीन महीना में पूर्ण होने के साथ ही मंगलवार को कार्य प्रारंभ कर दिया गया।

नेशनल हाईवे के परियोजना निदेशक राकेश कुमार से बनी सहमति के अनुसार 700 मी अधूरे निर्माण कार्य के दोनों और सर्विस लाइन तथा नाला निर्माण किया जाएगा, लाइट शिफ्टिंग का कार्य मंगलवार समझौते के साथ ही परम कर दिया गया जो आगामी 7 दिनों में पूर्ण होगा।

विधायक जबर से सांखला की उपस्थिति में हुए इस समझौता के अनुसार गजट नोटिफिकेशन के अनुसार हाईवे सीमा में आ रहे मकान की अव्याप्ति की जाएगी तथा रूकआउट बनने वाले सामाजिक तत्वों पर प्रशासन शक्ति से कार्य करेगी तथा समय रहते इस अधूरे हाईवे निर्माण कार्य को पूरा किया जाएगा। समझौते के इस मौके पर प्रेस क्लब के दिनेश साहू, निसार अहमद शेख, संपत शर्मा, सांवरमल शर्मा,परमवीर सिंह, सुरेश मेघवंशी प्रकाश खटीक विजयपाल सिंह तथा मुकेश रेगर उपस्थित थे।

# भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: ट्रक में छिपा 38 किलो डोडा चूरा पकड़ा, 2 तस्कर गिरफ्तार

## हिमाचल नंबर की गाड़ी में बना रखा था गुप्त बॉक्स—नाकाबंदी में खुला राज, एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना हमीरगढ़ पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध डोडा चूरा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 38 किलो 850 ग्राम डोडा चूरा पाउडर जब्त किया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त अशोक लेलैंड ट्रक को भी कब्जे में लिया गया है।

### नाकाबंदी में खुला तस्करी का खेल:-

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन और वृताधिकारी माधव उपाध्याय के सुपरविजन में थानाधिकारी सुनील कुमार बेड़ा के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

16 मार्च को डीएसटी टीम से मिली मुखबिर सूचना के आधार पर नेशनल हाईवे-48 पर तख्तपुरा क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। इसी दौरान हिमाचल प्रदेश नंबर का एक अशोक लेलैंड ट्रक आता दिखाई दिया, जिसे रोककर तलाशी ली गई।

### केबिन में बनाया था सीक्रेट बॉक्स:-

तलाशी के दौरान ट्रक के केबिन की छत पर लोहे का गुप्त बॉक्स बना मिला। जब पुलिस ने इसे खोला तो अंदर काले प्लास्टिक के कट्टों में भरा डोडा चूरा बरामद हुआ। बिना लाइसेंस/परमिट के इस मादक पदार्थ का परिवहन किया जा रहा था।

### दो तस्कर गिरफ्तार

पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया:-

हिम्मत सिंह (29), निवासी सोलन (हिमाचल प्रदेश)

अनिल कुमार (20), निवासी बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)

दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।


### टीम ने निभाई अहम भूमिका

इस कार्रवाई में थाना हमीरगढ़ पुलिस और डीएसटी टीम के अधिकारियों व जवानों ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जाएगा।

# दिनदहाड़े बैंक में चोरी से सुरक्षा व्यवस्था पर सवालः ग्राहक के बैग से 1.50 लाख पार-सीसीटीवी फुटेज में दो युवकों की नजर आई संदिग्धता

स्मार्ट हलचल

टोंक/दूनी। देवली उपखंड क्षेत्र के दूनी तहसील मुख्यालय कस्बा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा परिसर में दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक सतर्कता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कस्बा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में मंगलवार को एक ग्राहक के बैग से अज्ञात बदमाशों ने 1 लाख 50 हजार रुपये पार कर दिए और मौके से फरार हो गए।





जानकारी के अनुसार पीड़ित ग्राहक जो पटवारी बताया जा रहा हैं, बैंक में लेन-देन के लिए आया था। वह काउंटर पर पर्ची भरने में व्यस्त था, तभी वहां मौजूद दो संदिग्ध युवकों ने मौका पाकर उसके बैग में रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया।ग्राहक को चोरी का पता तब चला जब उसने अपना बैग संभाला, लेकिन तब तक आरोपी बैंक से बाहर निकल चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही दूनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका-मुआयना किया। पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिनमें दो संदिग्ध युवक नजर आ रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों संदिग्ध युवकों के पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की रिपोर्ट के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर दी गई है और संभावित ठिकानों पर तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल- रोकथाम के लिए ठोस कदम जरूरी

दिनदहाड़े बैंक परिसर में हुई इस वारदात ने बैंक सुरक्षा और स्थानीय प्रशासन की निगरानी व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बैंकों में सुरक्षा गार्ड की सक्रियता, सीसीटीवी मॉनिटरिंग और पुलिस की नियमित गश्त को और सख्त करने की आवश्यकता है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों, खासकर बैंकों में पुलिस और प्रशासन को सतर्कता बढ़ानी चाहिए। समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर ग्राहकों को भी सावधान रहने के लिए प्रेरित करना जरूरी है, ताकि अपराधियों को मौका न मिल सके। प्रशासन के लिए यह घटना एक चेतावनी की तरह है कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर अपराध की ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जाए। दूनी कस्बे वासियों ने पुलिस कीगश्त बढ़ाते हुए संदिग्ध लोगों पर नजर रखते हुए उन पर कार्रवाई की मांग भी की है।

# बनेड़ा पंचायत समिति में जनसुनवाई

**विधायक ने सुनी आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई, दिए तुरंत समाधान के निर्देश**



स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

पंचायत समिति के सभागार में मंगलवार को विधायक डॉ लाला राम बैरवा की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयो और जनप्रतिनिधीयो के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से आए आमजन की समस्याओं को विधायक ने सुनकर के सम्बधित विभागीय अधिकारियों को जनसुनवाई में प्राप्त परिवादो के तुरंत समाधान के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई को खुले स्थान के बजाय मिटींग हॉल में रखने पर विधायक बैरवा ने नाराजगी जताते अधिकारियों को खरीखोटी सुनाई।

इससे पूर्व विधायक का भाजपा पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण और साफा बंधवाकर स्वागत किया गया। जनसुनवाई के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता मनीष दैराश्री ने विधायक के समक्ष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रिक्त पड़े पदो पर नियुक्ति करवाने कोरोना महामारी के दौरान बंद हुई भीलवाड़ा अजमेर रोडवेज वाया बनेड़ा बल्दरखा डाबला आगुचा को पुनः शुरू करवाने तथा उपखण्ड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर रोडवेज और नीजी बसो के बाइपास से निकल जाने के कारण यात्रियों को होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने की मांग की। साथ ही कोडलाई मे चरागाह भुमि पर हो रहे अतिक्रमण । डाबला मे पशु चिकित्सालय के भवन हेतु बजट स्वीकृत होने के बाद भी जगह के अभाव में कार्य शुरू नहीं होने।दो आगनबाडी केन्द्रों पर विधुत कनेक्शन नहीं होने के मुद्दे पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। साथ ही चरागाह और खेल मैदान की भुमि से अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। साथ ही लोगों ने बिजली की अघोषित कटोती पैयजल समस्या सडक खेतों के रास्ते का खुलासा करवाने सहित अन्य प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए आमजन ने विधायक को आवेदन पत्र दिए। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि विजेन्द्र सिंह राठौड़ रायला भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर पारीक के साथ ही उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास विकास अधिकारी गणेश नारायण शर्मा तहसीलदार संतोष सुनारीवाल सीडीपीओ मिनाक्षी यादव सहित सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधी और आमजन मोजूद रहें।

# उप नारकोटिक्स आयुक्त बुंदेल ने किए प्राकट्य स्थल पर भगवान श्री सांवलिया सेठ के दर्शन



स्मार्ट हलचल | भादसोड़ा

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो कोटा, राजस्थान के उप नारकोटिक्स आयुक्त (डीएनसी) नरेश बुंदेल ने सपरिवार मंगलवार को बागुण्ड भादसोड़ा स्थित श्री सांवलियाजी प्राकट्य स्थल पहुंचकर भगवान श्री सांवलिया सेठ के दर्शन किए। मंदिर कमेटी की ओर से गिरधारीलाल मीणा ने आईआरएस बुंदेल को भगवान श्री सांवलिया सेठ की तस्वीर, महाप्रसाद एवं उपरना भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अफ़ीम अधिकारी बीएन मीणा, भादसोड़ा ग्राम पंचायत प्रशासक डॉ. शम्भू सुथार, सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, सचिन सिंह, भादसोड़ा लम्बरदार मांगीलाल जाट, भादसोड़ा खेड़ा लम्बदार प्रतिनिधि राधे सुथार आदि उपस्थित थे।

# दूधधारा या मिलावट का खेल? मालपुरा के केरिया गांव में बढ़ी दूध-पनीर सप्लाई पर उठे गंभीर सवाल

**ग्रामीणों ने की सैंपलिंग व जांच की मांग-प्रशासन व जिम्मेदारों की चुप्पी से गहराया संदेह**

स्मार्ट हलचल

**टोंक/मालपुरा।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के केरिया गांव में इन दिनों दूध और पनीर की असामान्य रूप से बढ़ी सप्लाई को लेकर ग्रामीणों के बीच गंभीर चर्चा और शंकाएं पैदा हो गई हैं। अचानक बड़े पैमाने पर हो रही आपूर्ति ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर इतनी भारी मात्रा में दूध कहां से आ रहा है और इसकी गुणवत्ता कितनी विश्वसनीय है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से कुछ व्यापारी दूध और डेयरी उत्पादों के कारोबार से जुड़े हुए हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से सप्लाई का स्तर अचानक बढ़ जाना कई तरह के संदेह को जन्म दे रहा है। लोगों को आशंका है कि कहीं इस पूरे मामले में मिलावट या रासायनिक पदार्थों के जरिए नकली दूध और पनीर तैयार कर बाजार में तो नहीं पहुंचाया जा रहा।

## पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में पहले भी नकली डेयरी उत्पादों को लेकर कार्रवाई हो चुकी है। इसके बावजूद यदि फिर से इसी तरह की गतिविधियां सक्रिय हो रही हैं तो यह गंभीर चिंता का विषय है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।




## स्वास्थ्य पर खतरे की आशंका

ग्रामीणों ने बताया कि बाजार में बड़ी मात्रा में पहुंच रहे दूध और पनीर की गुणवत्ता की जांच बेहद जरूरी है। यदि इनमें किसी प्रकार की मिलावट या रासायनिक तत्वों का उपयोग किया जा रहा है, तो यह सीधे तौर पर आमजन के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों के लिए ऐसे उत्पाद बेहद नुकसानदायक साबित हो सकते हैं।

## प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल

इस पूरे मामले में प्रशासनिक भूमिका को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इतने बड़े स्तर पर दूध और पनीर की सप्लाई हो रही है तो संबंधित विभागों को इसकी जानकारी क्यों नहीं है। और यदि जानकारी है तो अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

## जांच की मांग तेज

क्षेत्रवासियों ने खाद्य सुरक्षा विभाग और प्रशासन से मांग की है कि केरिया गांव में चल रही दूध और पनीर की सप्लाई की तत्काल सैंपलिंग कर जांच कराई जाए। ताकि दूध की गुणवत्ता और इसकी वास्तविकता सामने आ सके।अब सवाल यह है कि केरिया गांव में बह रही यह 'दूधधारा' वास्तव में शुद्धता का प्रतीक है या फिर मिलावट के किसी बड़े खेल की परतें छिपी हुई हैं। इसका जवाब अब प्रशासन और जांच एजेंसियों सहित जिम्मेदारों को ही देना होगा।

# राजस्थान पुलिस के पदक विजेता खिलाड़ियों का पुलिस मुख्यालय में भव्य सम्मान

**राष्ट्रीय पुलिस गेम्स में 65 पदक जीतकर राजस्थान पुलिस ने बढ़ाया गौरव, डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने दी शुभकामनाएं**



स्मार्ट हलचल | जयपुर

पुलिस मुख्यालय में वर्ष 2025-26 के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस खिलाड़ियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों एवं केन्द्रीय बलों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पुलिस गेम्स में पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी तरह प्रदेश और विभाग का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

राजस्थान पुलिस के मुख्य खेल अधिकारी अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस रूपिन्दर सिंघ ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 में आयोजित प्रतियोगिताओं में राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 स्वर्ण, 27 रजत एवं 16 कांस्य पदक सहित कुल 65 पदक अर्जित किए हैं। इसके साथ ही विभिन्न ट्रॉफियां भी अपने नाम की हैं, जिससे प्रदेश का मान बढ़ा है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में भी कुछ खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं, जिनसे भविष्य में और अधिक पदक अर्जित होने की पूरी संभावना है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि न केवल विभाग के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह पूरे राज्य के लिए प्रेरणादायक उदाहरण भी है, जो अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का प्रतीक है।

# अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर सौपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली व अधिवक्ताओ की रेवेन्यू सलाहकार समिति सदस्य रणवीर सिंह राणावत, मांगी लाल सेन, सुरेशचंद्र सुवालका, जगदीशचंद्र दाधीच, भैरुलाल वैष्णव, ज्योति जागेटिया, सूर्यप्रकाश सरगरा सहित अधिवक्ता पीरू सिंह गौड़, अनिल कुमार पारीक, सरिता स्वर्णकार, बालू लाल उपाध्याय, पूजा नाथ योगी ने कलेक्ट्री परिसर स्थित रेवेन्यू अधिववक्ताओ के बैठने की जगह को 10 से 15 इंच ऊँचा करने व अधिवक्ताओ की समस्याओ के समाधान हेतु जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। रेवेन्यू महासचिव बुनकर ने बताया कि कलेक्ट्री परिसर मे प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओ के बैठने के लिए जगह काफ़ी असुविधाजनक है अधिवक्ताओ कि जहा टेबल लगी है वोट जगह उबड़-खाबड है जहा बारिश के दिनों मे गड्डो मे पानी भरा रहता जिससे काफ़ी दिक्कत होती है और मच्छरो के पनपने से बीमारिया बढ़ रही है। बारिश से टेबलो के पास गड्डो मे पानी भर जाता है और कीचड की समस्या बनी रहती है जिससे अधिवक्ताओ के गड्डो मे गिरने की सम्भावना बनी रहती है इन गड्डो को दुरुस्त करवाया जाना आवश्यक है। साथ ही अधिवक्ताओ के पानी पिने के लिए आर. ओ./प्याऊ की सख्त आवश्यकता है। जिला कलेक्टर ने अधिवक्ताओ को आश्वास्त किया है कि उनकी समस्या का शीघ्र निदान करवाया जायेगा साथ ही पिने के पानी की निरंतर व्यवस्था की जाएगी व अधिवक्ताओ की कलेक्ट्री परिसर की समस्याओ का निदान किया जायेगा।

# भक्ति की प्राप्ति हेतु दास्य भाव होना अतिआवश्यक है-पं. 'विष्णुश्री' कृष्णतनय

स्मार्ट हलचल | काछोला

काछोला की पुण्यधरा पर आयोजित नानीबाई रो मायरो कथा का अंतिम दिवस भक्ति, भाव और समर्पण की अद्भुत सरिता लेकर आया। जैसे-जैसे कथा अपने समापन की ओर बढ़ी, वैसे-वैसे प्रत्येक श्रद्धालु के हृदय में एक गूंजती हुई अनुभूति जागृत हुई–कि सच्ची भक्ति का मूल आधार दास्य भाव है।



दास्य भाव, अर्थात स्वयं को प्रभु का सेवक मान लेना। जब मनुष्य अपने अहंकार, अपनी इच्छाओं और अपने स्वार्थ को त्यागकर प्रभु के चरणों में समर्पित हो जाता है, तभी भक्ति का वास्तविक द्वार खुलता है। पं. 'विष्णुश्री' कृष्णतनय जी ने अपने अमृतमय वचनों में यही संदेश दिया कि जब तक 'मैं' का भाव है, तब तक 'मेरा प्रभु' नहीं मिल सकता। जैसे ही 'मैं' मिटता है, वैसे ही प्रभु की कृपा बरसने लगती है।

नानीबाई की कथा स्वयं दास्य भाव का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने हर परिस्थिति में प्रभु पर विश्वास रखा और स्वयं को उनका सेवक मानकर जीवन जिया। उनकी सरलता, निष्ठा और पूर्ण समर्पण ही उन्हें प्रभु की कृपा का पात्र बनाता है। यही कारण है कि उनकी कथा आज भी हर हृदय को भक्ति के रंग में रंग देती है।

काछोला में कथा के अंतिम दिवस पर वातावरण अत्यंत भावमय हो गया। भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन और श्रद्धालुओं की आंखों में उमड़ते आंसू इस बात के साक्षी थे कि कथा केवल सुनी नहीं गई, बल्कि हृदय में उतार ली गई। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं प्रभु की कृपा इस भूमि पर बरस रही हो।

इस पावन अवसर पर यह संदेश स्पष्ट हुआ कि भक्ति केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक भाव है–सेवा का, समर्पण का और प्रेम का। जब हम अपने हर कार्य को प्रभु की सेवा मानकर करते हैं, तब हमारा जीवन स्वयं एक भक्ति बन जाता है।

अंततः, इस कथा का सार यही है कि यदि हम अपने जीवन में सच्ची भक्ति की प्राप्ति चाहते हैं, तो हमें दास्य भाव को अपनाना होगा। अपने अहंकार को त्यागकर, विनम्रता और सेवा के मार्ग पर चलना होगा। तभी हम भी नरसी जी की तरह प्रभु की कृपा के अधिकारी बन सकते हैं। रात्रि में भव्य फाग महोत्सव का आयोजन श्री रेवतीरमण लाल जी एवं श्री लक्ष्मीनाथ भगवान के संग फूलों और अबीर गुलाल के साथ मधुर मधुर भजनों की धुन पर भक्तों को शानू कबीरा और हर्षिता मालू की प्रस्तुति ने भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया काछोला की पुण्यधरा इस पावन कथा ने सभी के हृदय में भक्ति की ज्योति प्रज्वलित कर दी है, जो सदैव प्रज्वलित रहे–इसी मंगल कामना के साथ... पुनः अगले बरस इसी प्रकार अनूठा फाग महोत्सव आयोजित होगा।इस अवसर पर डॉ कैलाश चन्द्र वैष्णव, भैरु लाल मंत्री,रमेश चन्द्र काष्ट,महावीर मंत्री, भगवान शंकर शर्मा,महावीर बसेर,भगवान काष्ट सहित आदि श्रद्धालुओ ने पंडित कृष्णतनय जी महाराज को श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

# मिड-डे मील में लापरवाही को लेकर आक्रोश, दी चेतावनी



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जहाजपुर-भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर तहसील के ठिठोडा जहांगीर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मिड-डे मील (पोषाहार) व्यवस्था में भारी अनियमितता और बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल के रसोई कर्मचारी और स्टाफ की लापरवाही के चलते नन्हे बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब है। जमीनी स्तर पर 'स्वच्छ भारत अभियान' और 'मिड-डे मील' योजना पूरी तरह विफल साबित हो रही है। सरकार द्वारा भारी बजट आवंटित किए जाने के बावजूद बच्चों को सही पोषण नहीं मिल रहा है, जो कि हर नागरिक के अधिकारों का हनन है।

## 3 दिन का अल्टीमेटम:


ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है किः दोषी रसोई कर्मचारियों को तुरंत नोटिस जारी किया जाए। स्कूल स्टाफ में कार्यरत संबंधित बाबू को तत्काल एपीओ किया जाए। यदि 3 दिनों के भीतर प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा उचित कार्यवाही नहीं की गई, तो समस्त ग्रामवासी और स्कूली बच्चे मिलकर विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान होने वाली किसी भी कानून-व्यवस्था की स्थिति की जिम्मेदारी स्वयं शासन-प्रशासन और शिक्षा विभाग की होगी।

# शब ए कद्र की रात की प्रार्थना आख़िरत के अकाउंट में मगफिरत की क्रेडिट है प्रार्थना-मौलाना शाह

**शब-ए-कद्र की रात जामा मस्जिद पेश इमाम व मदरसा के बच्चो का किया स्वागत, कुरान नाजिल होने की याद में खास अहमियत**

स्मार्ट हलचल | काछोला

कस्बे में माह-ए-रमजान के 27 वें रोजे की रात शब-ए-कद्र को अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद शाह आलम के सानिध्य में मस्जिदों में विशेष इबादत व तरावीह नमाज पढ़ी गई। जामा मस्जिद आम मुस्लिम के सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी, कमालुद्दीन रँगरेज, हाजी रमजान अली बिसायती, हाजी कासम मोहम्मद रँगरेज, बाबू मेवाती, असरफ अली, अब्दुल सत्तार बागवान, फारूक बागवान, मोहम्मद शाबिर रँगरेज, उम्मेद अली, शरीफ बिसायती सहित आदि उपस्तिथ थे।



जामा मस्जिद के मोहम्मद शाबिर रँगरेज ने बताया कि मस्जिदमें शबे कद्र की रात जामा मस्जिद पेश इमाम मोहम्मद शाह आलम का आम मुस्लिम समाज द्वारा इस्तकबाल किया और इकसठ हजार सात सौ छियासी रुपये नजराना भेंट कर फूल पोशी व दस्तार बंदी कर इस्तकबाल किया।वही मदरसा के बच्चो ने लगातार चालीस दिन पांचों वक्त पाबंदी के साथ नमाज अदा करने पर मरहूम हाजी इम्मामुद्दीन रँगरेज की याद में मोहम्मद यूनुस रँगरेज, मोहम्मद शाबिर रँगरेज द्वारा 21 बच्चों को इनाम पानी की केन, तिरंगा पट्टी, फूल पोशी से इस्तकबाल किया।

मौलाना मोहम्मद शाह आलम ने शब-ए-कद्र को कुरान शरीफ के नाजिल होने की याद में खास अहमियत की जानकारी दी और कहा कि इस एक रात की इबादत 70 हजारों रातों की प्रार्थना के बराबर होता है, इस रात अपने गुनाहों की माफी मांगे, बुराइयों से बचने के लिए दुआ करे यह प्रार्थना अपने आख़िरत के अकाउंट में मगफिरत की क्रेडिट है प्रार्थना।उन्होंने कहा कि इस शब ए कद्र की रात को इबादत के हजार महीनों की इबादत के बराबर माना जाता है। इसलिए समाज के लोग देर रात तक नमाज, तिलावत और दुआ में मशगूल रहे।

मस्जिदों में जलसे, नातिया महफिल और दुआएं आयोजित की गई। इसके साथ ही लोग कब्रिस्तानों में जाकर अपने पूर्वजों, बुजुर्गों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर उनके लिए दुआएं की। रोजा अफ्तार और सहरी के इंतजाम किए जा रहे है। मस्जिदों को सजाया गया है।इस मौके पर रफ़ीक़ मोहम्मद मंसूरी, मोहम्मद यूनुस रँगरेज, मुबारिक हुसैन मंसूरी, अनवर मंसूरी, पीरू मंसूरी, नन्हे खान, अब्बास अली, इखलास मोहम्मद, महबूब खान, सलीम बागवान, मुबारिक रँगरेज, सहित आदि सैकड़ो मुस्लिम जन मौजूद रहे।

# अणुव्रत विश्व भारती सभागार में खाद्य सुरक्षा के लिये आयोजित हुआ मेगा फोस्टैक प्रशिक्षण





### दो बैच में लगभग 800 से अधिक प्रतिभागीयो ने लिया भाग

स्मार्ट हलचल | राजसमन्द

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधी नियंत्रण डॉ टी. शुभमंगला के निर्देश पर जिला मुख्यालय स्थित अणुव्रत विश्व भारती सभागार में दो बैच में लगभग 800 से अधिक प्रतिभागीयों को खाद्य पदार्थो के सुरक्षित संग्रहण, सुरक्षित बनाने एवं विक्रय करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि प्रशिक्षण में मिड डे मिल प्रभारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अन्नपूर्णा रसाई में कार्यरत कार्मिक, राजिविका समुह के प्रतिनिधि, विभिन्न होटल एवं रेस्टोरंट, मिठाई विक्रेता, डेयरी संचालक, कचौरी, समोसा व नमकीन विक्रेता एवं खाद्य कारोबार में शामिल लोगो ने उत्साह के साथ भाग लिया।

प्रशिक्षण में खाद्य पदार्थो के उचित रखरखाव, शुद्ध खाद्य पदार्थो के उपयोग तथा मिलावटी खाद्य पदार्थो की पहचान के घरेलु जांच की जानकारी दी गई। फास्ट फूड व जंक फूड के सीमित उपयोग व मोटे अनाज का उपयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। कोल्डड्रींक व डिब्बाबंद खाद्य पदार्थो के स्थान पर स्वदेशी प्रचलित पेय पदार्थ गन्ने का रस, छाछ, लस्सी का उपयोग करने की सलाह दी गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचन्द शर्मा ने यूज्ड कुकिंग ऑयल के उपयोग करने पर होने वाले हानिकारक प्रभावो के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अनुसार शुद्ध खाद्य पदार्थोके विक्रय हेतु निर्देशित किया।

ट्रेनिंग पार्टनर इण्डिनीर्स प्राइवेट लिमिटेड ट्रेनिंग पार्टनर हर्षवर्धन ताम्ब्रकार द्वारा होटल व रेस्टोरंट संचालको को खाद्य पदार्थो के उचित तापमान पर भण्डारण व उचित तापमान तक गर्म करने की जानकारी प्रदान की। पैक खाद्य पदार्थो पर नियमानुसार बैच नम्बर, पैकिंग तिथि, यूज बाय डेट की आवश्यक जानकारी के साथ ही फोर्टीफिकेशन के बारे में भी बताया गया।

प्रतिभागियों को इण्डिनीर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधी योगेश कन्नोजिया व जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक राजेन्द्र चारण द्वारा सम्बोधित किया गया तथा प्रशिक्षण में दी गई जानकारी का निजी व सार्वजनिक जीवन में उपयोग करने की अपील की गई।

# अवैध क्लिनिक एवं लेब्स को लेकर सीएमएचओ के नेतृत्व में विभागीय टीम ने चारभुजा में की कार्यवाही

स्मार्ट हलचल | राजसमन्द





जिलें में अवैध क्लिनिक एवं लेब्स को लेकर सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण, बीसीएमओ डॉ मस्तराम मीणा एवं जिला ड्रग कंट्रोल ऑफीसर लतिशा अच्छवानी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सीएचसी चारभुजा डॉ रमेश कुमार, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ सचिन शर्मा ने कुम्भलगढ़ ब्लॉक के चारभुजा तहसील मुख्यालय पर संचालित निजी क्लिनिक एवं लेब्स का औचक निरीक्षण किया तथा क्लिनिक पर उपस्थित स्टॉफ, संचालकर्ताओं को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने तक संचालन बंद करने के लिये पाबन्द किया।

चारभुजा मुख्यालय पर संचालित डॉ शर्मा जनरल एण्ड डेन्टल क्लिनिक पर विभागीय टीम को मरीजो को ड्रीप लगाते हुए तथा चिकित्सकीय कार्य होना पाया गया, मौके पर संचालक अनुपस्थित मिला तथा उपस्थित स्टॉफ क्लिनिक के रजिस्ट्रेशन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाये। जिस पर टीम ने मौका पर्चा बना कर सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने तक क्लिनिक पर चिकित्सकीय गतिविधियां बंद करने के लिये पाबन्द किया।

इसी प्रकार चारभुजा मुख्यालय पर संचालित शिवम लेब्स बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित मिली आवश्यक दस्तावेजो के अभाव में लेब को मौके पर बंद करवाया गया। टीम की कार्यवाही को मध्येनजर चारभुजा कस्बे में अन्य अवैध क्लिनिक संचालनकर्ता आनन - फानन में अपने क्लिनिक बन्द कर मौके से फरार हो गये।

टीम ने झीलवाड़ा बस स्टेण्ड पर संचालित अवैध तरीके से संचालित विष्णु क्लिनिक पर कार्यवाही करते हुए मौके से उपचार के लिये दवाईया एवं अन्य चिकित्सकीय सामग्री जब्त की तथा क्लिनिक को मौके पर बंद करवाया। झीलवाड़ा गांव में भी एक झोलाछाप डॉक्टर मौके से क्लिनिक बन्द कर फरार हो गया सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बीसीएमओ को नियमानुसार अग्रीम कार्यवाही के लिये निर्देशित किया।

# ग्राम शिवपुरी में विकास कार्यों की खुली पोल, गंदे पानी से लबालब मुख्य मार्ग

स्मार्ट हलचल | खखरेरू/फतेहपुर



विजयीपुर विकासखंड के ग्राम सभा शिवपुरी में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। गांव की मुख्य गलियां गंदे पानी से पट चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों का आवागमन दूभर हो गया है।

गांव में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। मुख्य मार्ग पर बनी आरसीसी नालियां सफाई के अभाव में लगभग खत्म हो चुकी हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें रोजाना इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है, जो इसी रास्ते से गुजरते समय फिसलकर चोटिल हो जाते हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्राम प्रधान का कार्यकाल पूरा होने को है, लेकिन जलभराव जैसी मूलभूत समस्या का समाधान अब तक नहीं हो सका है। मार्च महीने में ही जब यह हाल है, तो बारिश के दौरान स्थिति कितनी भयावह होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी विजयीपुर से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि जांच करके आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा।

# राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के सिक्किम प्रदेश अध्यक्ष बने बिर बहादुर सुब्बा (लिम्बू)

स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली



राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच ने संगठन विस्तार के तहत सिक्किम में नई जिम्मेदारी सौंपते हुए बिर बहादुर सुब्बा (लिम्बू) को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री यशवंत सिंह दरबार तथा महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती राजू मीणा के निर्देशन में की गई। राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने सुब्बा को नियुक्ति पत्र जारी करते हुए उन्हें संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

संगठन की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सुब्बा शीघ्र ही सिक्किम राज्य की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करेंगे तथा जिला और ब्लॉक स्तर तक संगठन का विस्तार करेंगे, ताकि आदिवासी समाज की आवाज को मजबूती से उठाया जा सके।

नियुक्ति के बाद बिर बहादुर सुब्बा (लिम्बू) ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सिक्किम राज्य के आदिवासी समाज की समस्याओं और अधिकारों के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से आदिवासी समुदाय के जल, जंगल और जमीन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। साथ ही वन अधिकार, पेसा एक्ट और आदिवासी अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रभावी पहल की जाएगी।

सुब्बा ने कहा कि सिक्किम सहित देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले आदिवासी समाज के सामने कई सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक चुनौतियां हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए संगठन के माध्यम से सरकार और प्रशासन के सामने समाज की मांगों को मजबूती से रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में आगे लाने के लिए भी विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि बिर बहादुर सुब्बा के नेतृत्व में सिक्किम में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी तथा आदिवासी समाज के हितों की आवाज और अधिक सशक्त तरीके से उठेगी।

संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने सुब्बा को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में आदिवासी समाज के हितों की रक्षा और विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।

# करंट लगने से महिला की मौत, ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लगाए लापरवाही के आरोप

स्मार्ट हलचल | बानसूर

क्षेत्र के ग्राम मोरोड़ी में मंगलवार सुबह करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे 54 वर्षीय कमलेश पत्नी शेर सिंह मेघवाल अपने खेत में काम कर रही थी तभी अचानक 11 हजार हाई वोल्टेज बिजली लाइन का तार टूटकर उन पर गिर गया। जिसमें वह गंभीर रूप से झुलस गई। हादसे के बाद परिजन तुरंत कमलेश को पास के पहाड़ी अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बहरोड़ रेफर किया गया,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों कों सौप दिया गया। पूर्व सरपंच धर्मवीर रावत ने विधुत विभाग पर घोर लापरवाहीं के आरोप लगातें हुए कहा कि विभाग द्वारा समय पर लाइन की मरम्मत नहीं की जाती हैं जबकि इस बारे में विभाग कों कई चेताया गया हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की मांग की हैं। विधुत विभाग के एईएन अजीत यादव ने बताया कि जेईएन से मामलें की रिपोर्ट मंगवाई हैं।

# सहकारी व्यवस्थापकों ने किया कार्य बहिष्कार, प्रदर्शन किया



### प्रबंध निदेशक को सोपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | लाखेरी

उपखंड के देईखेड़ा क्षेत्र में ग्राम सेवा समितियों के व्यवस्थापकों ने केडर निर्धारण व बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार किया, और कॉपरेटिव बैंक लाखेरी शाखा प्रबंधक को अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार व मांग को लेकर महा प्रबन्धक के नाम ज्ञापन सोपा। क्षेत्र की देईखेड़ा, कोटाखुर्द, पापड़ी, लबान, बड़हावली, बड़ाखेड़ा, खरायता, रबारपुरा, बाबई, गेण्डोली, नवलपुरा, सुमेरगंज मंडी, उतराना आदि समितियों के व्यवस्थापको ने केडर निर्धारण व बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया और शाखा प्रबंधक अभिषेक शर्मा को महाप्रबंधक निदेशक के नाम ज्ञापन सोपा। इस दौरान राम नारायण, महावीरमीणा, गौरव नन्दवाना, अजय बैरागी, धर्मेंद्र मीणा विश्व भारती, तोलाराम उतराना विकास मीणा आदि व्यवस्थापक मौजूद।

# श्री सर्राफा व्यापार संस्था बारां की कार्यकारिणी में पियूष गर्ग महामंत्री नियुक्त

स्मार्ट हलचल



**बारां।** श्री सर्राफा संस्थान के मीडिया प्रवक्ता आशीष सोनी ने बताया कि नव-निर्वाचित अध्यक्ष कपिल पोरवाल ने । श्री सर्राफा व्यापार संस्था की कार्यकारिणी का गठन करते हुए संरक्षक विनोद कुमार गर्ग, त्रिलोकचन्द सोनी (अर्डान्द), जगदीश सिंघल, हरीश सोनी, ओमप्रकाश माधोपुर वाले, मुख्य सलाहकार पवन बंसल, राधेश्याम गर्ग, रविन्द्र जैन, महामंत्री गिरिश मुंदड़ा व पियुष गर्ग, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कपिल सोनी जस्टाना, कमलेश नागर मण्डोला, हरीश सोनी (सोनू), उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, नकुल सोनी, गोविन्द सुमन, मंत्री किशन सोनी, विधि सलाहकार आलोक गोयल, देवेन्द्र नागर, प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी आशीष सोनी, विशेष आमंत्रित सदस्य ओमप्रकाश मित्तल, राजेन्द्र माहेश्वरी, सिराज भाई, परमानन्द सोनी, रामस्वरूप सुमन, मुकेश सोनी (राधे), हनुमान मराठा, सदस्य विवेक सोनी, ओमप्रकाश नागर (पटना), मुकेश नन्दवाना, सुरेश मराठा, पिंटू सोनी, राजकुमार सोनी, राजेन्द्र गुर्जर, नीरज सोनी, हिमांशु गुर्जर, राजू बंगाली को नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारियों ने एक दूसरे को बधाई देकर संस्था हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# आठवें वेतन आयोग को लेकर पेंशनर समाज की बैठक आज

स्मार्ट हलचल

**वैर।** आठवें वेतन आयोग के लाभों से वंचित करने को लेकर पेंशनर समाज उप शाखा वैर की बैठक 18 मार्च बुधवार को धाकड़ धर्मशाला वैर में दोपहर बाद 3 बजे से होगा। उपशाखा के अध्यक्ष तेज सिंह धाकड़ व मंत्री पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि गत दिवस कुम्हेर में पेंशनर समाज के वार्षिक अधिवेशन में बताया गया है कि केन्द्रीय सरकार ने बर्ष 2025 से पूर्व सेवानिवृत कर्मचारीयो को आठवें वेतन आयोग से मिलने वाले लाभों से वंचित कर दिया गया है। इसी संदर्भ में धाकड़ धर्मशाला पर सायं 3:00 बज बैठक रखी गई है जिसमें आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा तथा 25 मार्च को सक्षम अधिकारियों के समक्ष समूह के रूप से ज्ञापन सौपा जाएगा।इसके अलावा अन्य समस्याओं पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में उपशाखा के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

# तानाजी नगर में नववर्ष स्वागत को लेकर व्यापक तैयारियां, 101 दीपों से महाआरती

स्मार्ट हलचल | कोटा



नववर्ष के उपलक्ष्य में तानाजी नगर स्थित गुरु तेगबहादुर मिलन केंद्र में आयोजित बैठक में आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लेकर आयोजन को भव्य और सहभागितापूर्ण बनाने पर जोर दिया।

नववर्ष आयोजन समिति तानाजी नगर संयोजक देवेंद्र त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 मार्च को तानाजी नगर पूनम कॉलोनी स्टेशन क्षेत्र के लगभग 25 मंदिरों में सायं 6 बजे से 101 दीपों के साथ भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात 19 मार्च को स्वदेशी मेले का आयोजन, 20 मार्च को भजन संध्या तथा 21 मार्च को शोभायात्रा निकाली जाएगी,जिसमें तानाजी नगर से 400 दुपहिया व 100 कारों सहित 500 वाहन शामिल होंगे।

बैठक में नागरिकों से आह्वान किया गया कि वे परिवार सहित सभी कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक घर में दीप प्रज्वलन, भगवा पताका स्थापित करने तथा महिलाओं द्वारा घरों एवं प्रमुख चौराहों पर रंगोली बनाने का आग्रह किया गया, ताकि पूरे क्षेत्र में उत्सवी माहौल सृजित हो सके।

बैठक में संरक्षक तारा सिंह, देवानंद सहित संयोजक मंडल के धनराज नागर, दिनेश नागर, श्याम बाबा, अजय त्रिवेदी, अशोक यादव, संजय यादव, निखिल सिंह, शरद चौधरी, कमलेश चौधरी, संजय राजपूत, विजय चतुर्वेदी तथा महिला शक्ति की आशा त्रिवेदी, सपना त्रिपाठी, रश्मि शर्मा, अलका सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भुवनेश्वर शर्मा चच्चू भैया पुनः विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने

स्मार्ट हलचल | कोटा



विप्र फाउंडेशन की 18वी राष्ट्रीय परिषद की बैठक रविवार को पुष्कर अजमेर में आयोजित की गई। जिसमें भुवनेश्वर शर्मा चच्चू भैया को पुनः विप्र फाउंडेशन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है इस आशय की घोषणा विप्र फाउंडेशन के संस्थापक एवं संयोजक सुशील ओझा ने की द्य राष्ट्रीय परिषद की बैठक में विप्र फाउंडेशन के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष की सर्वसम्मति से नियुक्ति के बाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमे भुवनेश्वर शर्मा चच्चू भैया को प्रमुख स्थान देते हुए उनके द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें पुनः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपते हुए राजस्थान के कोटा, भरतपुर, अजमेर जोन का चार्ज भी इन्हीं को दिया गया इस पर सभी पदाधिकारियों ने चच्चू भैया की नियुक्ति का करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी तथा ब्राह्मण समाज के हित में उनके द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की।

संस्थापक एवं संयोजक सुशील ओझा ने भुवनेश्वर शर्मा चच्चू भैया को समाज के सर्वांगीण विकास के लिए एक नई कार्यकारिणी का गठन करने को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी सदस्यों को समाज सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पहले की तरह (पूर्ववत) पूरी निष्ठा से निर्वहन करने को निर्देशित किया और कहा कि सुनिश्चित करें कि समाज में एकता, प्रेम, और सहानुभूति की भावना बनी रहे और विकास कार्यों में कोई कमी न आए।

# राष्ट्रीय मंच पर कोटा की पहचान मजबूत, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुरेश पाण्डेय और डॉ. निपुण बागरेचा की पुस्तकों ने बटोरी सुर्खियां

### जयपुर सम्मेलन में कोटा के नेत्र विशेषज्ञों का परचम, डॉ. सुरेश पाण्डेय और डॉ. निपुण बागरेचा की 7 पुस्तकों का हुआ विमोचन

स्मार्ट हलचल | कोटा




चिकित्सा सेवा के साथ ज्ञान-विस्तार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कोटा के नेत्र विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। 84वां अखिल भारतीय नेत्र विज्ञान सम्मेलन के अंतर्गत ऑल इंडिया ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा जयपुर के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में 12 से 15 मार्च 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कोटा के सुवि आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने विशेषज्ञता और साहित्यिक सृजन का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। देश-विदेश से पहुंचे 10 हजार से अधिक नेत्र रोग विशेषज्ञों के बीच कोटा की भागीदारी विशेष आकर्षण रही।

सम्मेलन का प्रमुख केंद्रबिंदु सुवि आई हॉस्पिटल, कोटा के निदेशक व वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय तथा रेटिना विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा द्वारा लिखित सात महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन रहा। इन पुस्तकों का लोकार्पण प्रो. (डॉ.) जीवन सिंह टिटियाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर देश के ख्यातिप्राप्त नेत्र विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

साहित्यिक उपलब्धियों में डॉ. सुरेश पाण्डेय की चार पुस्तकें– 'एन आई फॉर द स्काई', 'डायरी ऑफ एन आई सर्जन', 'जिंदगी का जश्न' और 'एंटरप्रेन्योरशिप फॉर डॉक्टर्स'–विशेष चर्चा में रहीं। वहीं डॉ. निपुण बागरेचा की 'टाइम मैनेजमेंट फॉर डॉक्टर्स', 'हैंडबुक ऑफ एज रिलेटेड मैक्यूलर डिजनरेशन' और 'वायरल रेटिनाइटिस' का भी विमोचन किया गया। ये पुस्तकें चिकित्सा ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव का समन्वय प्रस्तुत करती हैं।

वैज्ञानिक सत्रों में डॉ. सुरेश पाण्डेय ने जटिल सर्जरी से जुड़े अनुभव साझा करते हुए 'कठिन मामलों में फेकोइमल्सीफिकेशन' पर इंस्ट्रक्शन कोर्स संचालित किया। बच्चों के मोतियाबिंद उपचार में 'ज़ेप्टो नैनो पल्स तकनीक' के उपयोग पर भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया। साथ ही, 'टैमसुलोसिन' दवा लेने वाले मरीजों में सर्जरी के दौरान उत्पन्न होने वाली चुनौतियों और 'फ्लॉपी आइरिस सिंड्रोम' से बचाव के उपायों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। 'पीडियाट्रिक ऑप्थल्मोलॉजी' सत्र में निर्णायक की भूमिका निभाते हुए विशेषज्ञता का परिचय दिया।

सम्मेलन में युवा चिकित्सकों के मार्गदर्शन पर भी विशेष जोर रहा। 'यंग ऑप्थल्मोलॉजिस्ट फेलोशिप प्रोग्राम' के अंतर्गत दोनों चिकित्सकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पिछले पांच वर्षों में इनके निर्देशन में देशभर के 25 से अधिक युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों को सुवि आई हॉस्पिटल, कोटा में उन्नत सर्जिकल प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

# पत्रकार एकता का संदेश: जार टोंक का नववर्ष व होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

## अप्रैल से शुरू होगी पत्रकारों की सहायता के उद्देश्य से पत्रकार कल्याण कोष की शुरुआत-जरूरतमंद पत्रकारों की होगी सहायता

स्मार्ट हलचल



**टोंक।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) इकाई टोंक की ओर से सोमवार को डाक बंगला परिसर में नववर्ष एवं होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अकबर खान रहे। समारोह में टोंक सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए और एक-दूसरे को नववर्ष, होली एवं ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं देते हुए पत्रकार एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अकबर खान ने कहा कि आमजन के हितों के प्रति सकारात्मक सोच रखते हुए उन्हें न्याय दिलाने में पत्रकारों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण और सराहनीय है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया पर विभिन्न प्रकार की चुनौतियां और प्रतिबंध भी देखने को मिलते हैं, ऐसे में पत्रकारों को और अधिक सजग एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। जार के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम जोशी ने कहा कि राजधानी की तर्ज पर टोंक में भी प्रेस क्लब की स्थापना और भवन निर्माण के लिए संगठन लगातार सरकार से समन्वय बनाकर प्रयास कर रहा है। जिलाध्यक्ष ब्रिजेश परिड़वाल ने समारोह में पधारे सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पत्रकारों की सहायता के उद्देश्य से पत्रकार कल्याण कोष की शुरुआत आगामी अप्रैल माह से की जाएगी। इस कोष के माध्यम से जरूरतमंद पत्रकारों की सहायता की जाएगी। जिला संरक्षक एस.एन. चावला ने मंच संचालन करते हुए बताया कि संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने के लिए प्रत्येक तीन माह में ब्लॉक अध्यक्षों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी, जिससे उनके सुझावों के आधार पर संगठन को और गति दी जा सके। समारोह के दौरान वरिष्ठ पत्रकार मनोज तिवारी, प्रेम रघुवंशी एवं रोशन शर्मा का माल्यार्पण कर सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर पवन शर्मा, रविंद्र जोहरी, सुरेंद्र गुप्ता, राहुल राजवंशी, अशोक शर्मा, कमलेश सैनी, राजाराम गौतम, कमलेश महावर, विजय लखवानी, अनिल विजय, देवीशंकर सोनी, ओमप्रकाश शर्मा, महेंद्र जैन, अरशद शाहीन, आनंद शर्मा, दौलत पारीक, दीपक सैनी, नंदकिशोर सैनी, कमलेश प्रजापत, मनीष टेलर, याकूब अली, भगवान गौतम, रामप्रसाद, श्योजीलाल धाकड़, एडवोकेट फिरोज खान तथा शिक्षाविद् कमलेश सिंगोदिया सहित अनेक मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

### अपहरण व फिरौती कांड का खुलासा

# महवा पुलिस ने 2 मुख्य आरोपी धर दबोचे, कार व मोबाइल बरामद

स्मार्ट हलचल




**महवा दौसा।** जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में थाना महवा पुलिस ने अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक स्विफ्ट डिजायर कार एवं परिवादी से छीने गए दो एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 1 मई 2025 को हिंगोटा निवासी पिंटू सिंह राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका अपहरण कर मारपीट की गई तथा मोबाइल, मोटरसाइकिल व नकदी छीनकर फिरौती मांगी गई। इस पर थाना महवा में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रोशनलाल को 13 मार्च 2026 तथा सतीश को 14 मार्च 2026 को गिरफ्तार किया। मामले में शामिल तीन अन्य आरोपी–विष्णु कुमार, विनोद कुमार एवं अर्जुन मीना–को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था तथा छीनी गई मोटरसाइकिल भी बरामद की जा चुकी है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रोशनलाल के विरुद्ध पूर्व में मारपीट का एक मामला दर्ज है, जबकि सतीश के खिलाफ धोखाधड़ी व मारपीट के दो प्रकरण दर्ज हैं।

यह कार्रवाई वृत्ताधिकारी महवा मनोहरलाल मीना के सुपरविजन एवं थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार मीना के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है तथा प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### पंचायती राज चुनाव 2026 की तैयारी तेज

# टोंक में ईवीएम मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच- पीजी कॉलेज टोंक में हुआ मॉकपोल



स्मार्ट हलचल

**टोंक।** पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिले में उपयोग होने वाली ईवीएम मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) के दौरान मंगलवार को मॉकपोल प्रक्रिया का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) टोंक के निर्देशानुसार मंगलवार, 17 मार्च को प्रातः 11 बजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, टोंक के कक्ष संख्या 8 में ईवीएम मशीनों की तकनीकी जांच के साथ मॉकपोल कराया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से मशीनों की कार्यक्षमता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता की जांच की गई ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या से बचा जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलेक्टर) टोंक रामरतन सोकरिया के निर्देशन में यह प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में भाजपा, कांग्रेस, आरएलपी, बसपा, सीपीआईएम, आम आदमी पार्टी, रालोपा और बीटीपी आदि के जिलाध्यक्ष तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राजनीतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों की जांच और मॉकपोल कराने से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहती है और मतदाताओं का विश्वास भी मजबूत होता है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पंचायत राज चुनाव 2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी तकनीकी और प्रशासनिक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी की जा रही हैं।

# हनुमान बगीची में न्यायालय के नेशनल हाईवे के 248 ए के सेंटर से 75 मीटर के विरोध में बैठक आयोजित

## मंच के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को विधानसभा में व संसद में इसको उठाकर इसमें संशोधन की बात कही





स्मार्ट हलचल

**विराटनगर।** विराट नगर पालिका क्षेत्र की हनुमान बगीची में न्यायालय के नेशनल हाईवे के 248 ए के सेंटर से 75 मीटर के विरोध में विराटनगर में एक आम सभा का आयोजन हुआ। इसमें न्यायालय के निर्णय का विरोध किया गया व मंच के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को विधानसभा में व संसद में इसको उठाकर इसमें संशोधन की बात कही और विराटनगर में बाईपास को धरातल पर लागू करने के लिए कहा गया बाईपास का पूर्व में 3ष्ठ मैपिंग व गजट नोटिफिकेशन जारी हो चुका है सभा की अध्यक्षता उर्मिला जी योगी पूर्व राज्य मंत्री ने की संचालन अमरनाथ जी गुरु जी ने किया बृजमोहन सैनी, धीरेंद्र जी सैनी, भेरुजी ठेकेदार, जतन जी, हेमराज जी, रामेश्वर जी मुनीम, जगदीश जी यादव, रोहतास जी सैनी, धोनीलाल जी गुर्जर, प्रेम जी सैनी व अन्य वक्ताओं ने मंच के माध्यम से सभा को संबोधित किया।

विराटनगर के साथ अन्याय नहीं हो व बाईपास की मांग को तेज किया मीटिंग में 31 सदस्य संघर्ष समिति का निर्माण किया गया व जनप्रतिनिधियों से मिलकर समस्या का समाधान करने की बात कही मीटिंग में विराटनगर में महिलाओं की भूमिका भी रही व महिलाएं भी अपनी पीड़ा सरकार के समक्ष निर्वाचित जन प्रतिनिधियों के समक्ष मंच के माध्यम से व मीडिया के माध्यम से अपनी पीड़ा व्यक्त की फिर सभी साथ में जाकर तहसील में एसडीएम महोदय को मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन दिया गया व सरकार में हमारी जनप्रतिनिधियों को विराटनगर की बात को मजबूती से रखने का आह्वान किया अगर विराटनगर के साथ अन्याय किया जाता है तो विराटनगर की जनता मार्केट बंद कर सड़कों पर बैठेगी व चेतावनी भी दी समय रहते इसमें संशोधन किया जाए व जनता को राहत दी जाए विराटनगर में बाईपास की मांग धरातल पर लागू की जाए।

# आईपीएस टोगस ने संभाला एसीबी डीआईजी का पदभार



स्मार्ट हलचल | हरसौर

कस्बे सहित आसपास के सीएलजी सदस्यों एवं प्रबुद्धजनों ने आईपीएस टोगस का एसीबी डीआईजी अजमेर रेंज पदभार संभालने पर अभिनंदन किया। पूर्व में नागौर एसपी रह चुके आईपीएस टोगस का सीएलजी सदस्य हुक्माराम बाजियां एवं लोकेंद्र सिंह बिखरनियां की अगुवाई में प्रबुद्धजनों ने साफा माला पहनाकर पौधा भेंट किया। गौरतलब हो कि तोगस बतौर राजस्थान पुलिस सेवा भर्ती हुए थे। जनवरी 2020 में पदोन्नत होकर आईपीएस बने। आईपीएस बनने के बाद वे सालभर तक आरएसी बटालियन के कमांडेंट रहे। इसके बाद चूरू, धौलपुर, करौली, नागौर के एसपी रहने के बाद उन्हें जोधपुर ग्रामीण एसपी लगाया गया। इससे पहले वे जयपुर आयुक्तालय में डीसीपी क्राइम और डीसीपी मेट्रो के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। आईपीएस नारायण टोगस अपनी फिटनेस को लेकर राजस्थान पुलिस के जवानों और अफसरों के आईडल बने हुए हैं। टोगस पिछले करीब 20 साल से नियमित रूप से 6 किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं। दौड़ लगाने के साथ वे एक्सरसाइज भी करते हैं। नारायण टोगस जिस भी जिले में तैनात रहे। वहां रनिंग और एक्सरसाइज उनकी दिनचर्या का हिस्सा रहे।

# विधायक राजेंद्र मीणा ने केसरा से पाखर तक 20 लाख व लोटवाड़ा में 80 लाख की सड़को का किया शिलान्यास

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा विधायक राजेंद्र मीणा ने मंगलवार को महुवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केसरा में एक महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह सड़क केसरा चौराहा से पाखर तक 20 लाख की लागत से बनाई जाएगी, जिससे पूरे क्षेत्र के आवागमन में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पंच-पटेल, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस सड़क को क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग बताते हुए विधायक राजेंद्र मीणा का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि बरसात के समय इस मार्ग पर आवागमन बेहद कठिन हो जाता था, जिससे दैनिक जीवन और कृषि कार्य प्रभावित होते थे। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक का गर्भ जोशी के साथ स्वागत सत्कार किया।

इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और गांव-गांव तक बेहतर सड़क सुविधा पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ



समय पर पूरा कराया जाएगा।

इस सड़क के निर्माण से न केवल केसरा और पाखर के बीच संपर्क मजबूत होगा, बल्कि आसपास के गांवों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान होगी, जिससे क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में भी सुधार आएगा।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह केसरा सरपंच यादराम मीणा, लुधियाना सरपंच घनश्याम गुर्जर देवी राम, विष्णु सिंह, माधौसिंह, पाखर सरपंच नवल मीणा, निहाल सिंह गुर्जर, निवह सिंह गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

इसी प्रकार विधायक राजेंद्र मीणा ने मंगलवार को महुवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोटवाड़ा में पंच-पटेल एवं समस्त ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में लगभग 80 लाख रुपए की लागत से बनने वाली महत्वपूर्ण सड़कों का विधिवत शिलान्यास किया।

इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि लोटवाड़ा से बड़ावास, राजीव गांधी पाठशाला से बड़ावास एवं हांडली चौराया से बड़ावास तक बनने वाली ये सड़कें क्षेत्र के विकास की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।

विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि हमारा संकल्प है कि गांव, गरीब और किसान के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जाए।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पप्पू ब्रजमोहन मीणा, भामाशाह केदार मीणा, गांव के पंच पटेल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता बंधु एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नाकाबंदी तोड़ भागी स्कॉर्पियो से पिस्टल, कारतूस व फर्जी नंबर प्लेट बरामद

**चित्तौड़गढ़।** जिला विशेष टीम व भैंसरोडगढ़ थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान स्कॉर्पियो से एक अवैध पिस्टल, चार जिंदा कारतूस व तीन फर्जी नम्बर प्लेट जब्त की है, लेकिन चालक अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए गत रात्रि भैंसरोडगढ़ थाना क्षेत्र में मंडेसरा तिराहे पर एएसपी रावतभाटा भगवत सिंह हिंगड़ के निर्देशन एवं वृताधिकारी शंकरलाल मीणा के सुपरविजन में डीएसटी व स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान वहां आई एक स्कॉर्पियो का चालक नाकाबंदी तोड़ कर भागने लगा, जिसका पुलिस टीम द्वारा पीछा करने वह कार छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। पुलिस द्वारा स्कॉर्पियो की तलाशी लेने पर उसमें एक अवैध पिस्टल, चार जिन्दा कारतूस व राजस्थान सहित गुजरात पासिंग तीन फर्जी नंबर प्लेटें मिली। इसके साथ ही कार क सीटें खुली हुई होने से उसके प्रथम दृष्टया तस्करी गतिविधियों में प्रयुक्त होने की आशंका जताई जा रही है।


# महाविद्यालय में राजस्थान दिवस सप्ताह के तहत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन




स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** कस्बा स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राजस्थान दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह के निर्देशन में 15 से 19 मार्च तक आयोजित इस विशेष सप्ताह की शुरुआत राजस्थान को जानो विषय पर आधारित डिजिटल क्विज प्रतियोगिता के साथ हुई। सप्ताह के दौरान विकसित राजस्थान विषय को केंद्र में रखते हुए निबंध, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में निबंध लेखन में चेष्टा शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी लेखनी का लोहा मनवाया, जबकि भाषण प्रतियोगिता में सीमा सैनी ने प्रभावशाली वक्तृत्व कला के दम पर पहला स्थान हासिल किया। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में पुष्पा सैनी अव्वल रहीं। मंगलवार को आयोजित क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा भावना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा सभी विजेता छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# राजहंस को रास आ रही है बोरखेड़ा की आबोहवा, सूखते जलाशय में भी सजी हुई है जलक्रीड़ा





**फैक्ट फाइल : बार-हेडेड गूज**

**पहचान:** सफेद सिर पर दो काली धारियां, धूसर शरीर

**लंबाई:** लगभग 75 सेमी

**वजन:** 1.8 से 3 किलोग्राम

**आहार:** जलीय पौधे, घास, कभी-कभी छोटे जलीय जीव

**अंडों की संख्या:** 4-6

**उड़ान ऊंचाई:** 12,000-14,000 फीट तक

**दैनिक प्रवास दूरी:** लगभग 1600 किमी

**प्रजनन क्षेत्र:** तिब्बत व मध्य एशिया के ऊंचाई वाले झील क्षेत्र

**संरक्षण स्थिति:** IUCN के अनुसार 'Least Concern '

स्मार्ट हलचल | डॉ. कमलेश शर्मा

**जयपुर।** सर्दियों के जाने के साथ–साथ राजस्थान की झीलों और तालाबों से प्रवासी पक्षियों की विदाई लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन जयपुर के समीप चाकसू क्षेत्र में बोरखेड़ा गांव का तालाब इन दिनों एक अलग ही कहानी बयां कर रहा है। लद्दाख, मंगोलिया और तिब्बती पठार में पाए जाने वाले और सर्दियों में उच्च हिमालय को पार कर दक्षिण एशिया की ओर प्रवास करने वाले प्रवासी पक्षी बार हेडेड गूज जयपुर के निकट डेरा डाले हुए हैं। एक दो की संख्या में नहीं अपितु 500 से अधिक की संख्या में 'बार-हेडेड गूज' के तीन बड़े–बड़े झुंड पक्षी प्रेमियों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ हैं।

## एक दिन में 1600 किमी तक भरते हैं उड़ान:

स्थानीय बोलचाल में राजहंस के नाम से जाने–पहचाने वाले बार-हेडेड गूज दुनिया के सबसे ऊंचाई तक उड़ान भरने वाले पक्षियों में गिने जाते हैं। ये पक्षी 12,000 से 14,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकते हैं और प्रतिदिन बिना रुके लगभग 1600 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में सक्षम होते हैं। इनके शरीर में पाया जाने वाला विशेष प्रकार का हीमोग्लोबिन कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में भी अधिक ऑक्सीजन अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे ये हिमालय के ऊंचे दर्रों को पार कर पाते हैं।

## तालाब सूखा पर वनस्पति आई रास :

बोरखेड़ा तालाब का अधिकांश हिस्सा सूख चुका है, लेकिन पांच अलग-अलग हिस्सों में बचा पानी इन हिमालय पार करने वाले मेहमानों के लिए फिलहाल ठिकाना बना हुआ है। सूखते जलाशय के बीच बची छोटी-छोटी जलधाराओं में सैकड़ों बार-हेडेड गूज का झुंड दिनभर सक्रिय रहता है। यह पक्षी स्थानीय जल पक्षियों के साथ तैरते, उड़ते और जल क्रीड़ा करते दिखाई देते हैं। कभी ये शांत पानी में तैरते दिखाई देते हैं, तो कभी अचानक पूरे समूह के साथ आकाश में उड़ान भर लेते हैं। स्थानीय पक्षियों के साथ उनकी यह गतिविधियां तालाब के शांत वातावरण को जीवंत बना देती हैं और प्रकृति की एक दुर्लभ झलक प्रस्तुत करती हैं।

## क्यों रुक गए अभी तक?

एक साथ इतनी बड़ी संख्या में इन पक्षियों की यहां उपस्थिति के बारे में पर्यावरण विज्ञानी व सेवानिवृत्त वन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार शर्मा बताते हैं कि इन दिनों तापमान में उतार–चढ़ाव हो रहा है ऐसे में कम मानवीय गतिविधि व सुरक्षित वातावरण की अनुकूलता देख पक्षी यहां रुके हुए हो सकते हैं। इसी प्रकार यह भी हो सकता है कि इन पक्षियों का कोई एक झुंड यहां रुका हुआ हो और आसपास के तालाबों से कोई एक और झुंड यहां पहुंचा हो और इन पक्षियों को देख उस झुंड ने भी यहां पड़ाव डाल दिया हो। उन्होंने बताया कि बार हेडेड गूज पूर्णतया शाकाहारी पक्षी है और यहां मौजूद जलीय वनस्पतियों के साथ आसपास के क्षेत्र में नर्म घास इत्यादि, खुला व सुरक्षित क्षेत्र और अपेक्षाकृत शांत वातावरण प्रवासी पक्षियों को कुछ समय और ठहरने के लिए अनुकूल परिस्थितियां प्रदान कर रहे हैं।

# 24 पव्वे अवैध शराब जप्त, आरोपी को जेल

**राशमी।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक वृद्ध के कब्जे से शराब जप्त कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सहायक उपनिरीक्षक देवीलाल गुर्जर ने बताया कि थानाधिकारी रतन सिंह के निर्देशानुसार लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि चमनपुरा से नंगपुरा के रास्ते पर एक व्यक्ति कार्टून में अवैध देशी शराब लेकर नंगपुरा की ओर जा रहा है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक वृद्ध व्यक्ति पैदल-पैदल खाकी कार्टून लेकर आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने रोक कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मोहन सिंह पुत्र जोधसिंह रावत निवासी नंगपुरा होना बताया। कार्टून की तलाशी ली तो उसमें 24 पव्वे अवैध शराब पाई गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी को अवैध शराब परिवहन के मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# नारियल तेल के फायदे

## नैचुरल मॉइश्चराइजर का काम करता है, नारियल का तेल है

सर्दियों में सभी महिलाएं त्वचा को रुखेपन से बचाने के लिए मॉइश्चराइजर खरीदती हैं पर अगर आप इसकी जगह नारियल का तेल इस्तेमाल करें तो भी आपको पूरा लाभ मिलेगा क्योंकि ये प्राकृतिक रुप से मॉइश्चराइजर का काम करता है। नारियल का तेल कई गुणों से भरपूर होता है। त्वचा संबंधी कई रोगों के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। आइए जानते हैं नारियल का तेल सेहत को किस तरह से फायदा पहुंचाता है। नारियल तेल के इस्तेमाल से कई फायदे होते हैं। कई गुणों से भरपूर यह तेल स्वास्थ्यपरक फायदों के लिए पीढ़ियों से इस्तेमाल में लाया जा रहा है। सेहत के साथ-साथ नारियल का तेल त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए भी सदियों से इस्तेमाल किया जा रहा है।

**नारियल तेल के फायदे**

**तेल स्ट्रेच मार्क्स हटाने में भी सहायक**



नारियल तेल त्वचा के लिए नैचुरल मॉइश्चराइजर का काम करता है, यह मृत त्वचा को हटाकर रंग निखारता है। इसका इस्तेमाल त्वचा रोग, डर्मेटाइटिस, एक्जिमा और स्किन बर्न में किया जा सकता है। नारियल तेल स्ट्रेच मार्क्स हटाने में भी मदद करता है और होंठ को फटने से बचाने के लिए भी इसे नियमित रूप से होंठों पर लगाया जा सकता है।

नारियल तेल बालों को घना, लंबा और चमकदार बनाने में काफी मददगार साबति होता है। सिर की मसाज सिर्फ पांच मिनट नारियल तेल से करने से न सिर्फ रक्त संचार में वृद्धि होती है, बल्कि यह खो चुके पोषक तत्वों की भी भरपाई करता है, नियमित रूप से नारियल तेल से मसाज करने से बालों में रूसी नहीं होती है।

नारियल तेल के इस्तेमाल से वजन भी कम किया जा सकता है। ताजे नारियल से निकाले गए तेल में अन्य नारियल तेलों की अपेक्षा ज्यादा मीडियम चेन फैटी एसिड होता है। मीडियम चेन फैटी एसिड्स आसानी से ऑक्सीडाइज्ड लिपिड्स होते हैं और एडीपोज ऊतक में संग्रहित नहीं होते हैं। इस प्रकार, मुख्य रूप से मीडियम चेन फैटी एसिड युक्त नारियल का तेल वजन घटाने में मददगार साबित होता है।नारियल तेल लॉरिक एसिड और कैप्रिक एसिड की तरह एंटीमाइक्रोबियल लिपिड का एक समृद्ध स्रोत होता है, जो एंटीफंगल और जीवाणुरोधी होते हैं।

# गर्भवती महिलाएं तनाव से बचें

अगर आप गर्भवती हैं तो किसी प्रकार का तनाव न लें। एक अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गर्भावस्था के दौरान ज्यादा तनाव में रहने वाली महिलाओं में गर्भपात का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययनकर्ताओं का दावा है कि गर्भावस्था के दौरान तनाव लेने वाली महिलाओं में गर्भपात का खतरा 42 फीसदी बढ़ जाता है। इससे पहले हुए अध्ययन की रिपोर्ट में यह पाया गया था कि 24 सप्ताह की गर्भवती में होने वाले गर्भपात में 20 फीसदी मामले तनाव के कारण होते हैं।

दोबारा अध्ययन के बाद यह पाया गया कि आंकड़ें इससे कहीं ज्यादा हैं क्योंकि गर्भपात के कई मामले दर्ज ही नहीं होते।

यही नहीं अध्ययन की रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा किया गया कि युवा होते ही तनाव और अवसाद का सामना करने वाले लोगों को आगे के जीवन में बहुत सी बीमारियों का सामना करना पड़ता है!

**गर्भावस्थ में काम का ज्यादा तनाव न लें**

गर्भावस्था के दौरान काम का बहुत ज्यादा तनाव न लें। अपनी प्राथमिकताएं थोड़ी कम करें और दोस्तों या रिश्तेदारों से मदद लेने में संकोच न करें।

घर का काम कम करें और उस समय का इस्तेमाल आप किताब पढ़ने और आराम करने में कर सकती हैं।

अगर कामकाजी हैं तो ऑफिस में सिक लीव या अपनी छुट्टियों का भरपूर लाभ लें।

लंबी सांस लें और छोड़ें, योग करें या स्ट्रेचिंग करें।

अगर स्वीमिंग आती है तो स्वीमिंग करें या वॉक करें।

हेल्दी खाएं. संतुलित आहार आपके शरीर और मानसिक सेहत दोनों को ठीक रखेगा।

रात में जल्दी सो जाएं क्योंकि इससे आपके गर्भ में पल रहे बच्चों को विकास के लिए ज्यादा समय मिलेगा।

दूसरों की सुनें पर दिल से न लगाएं। गर्भावस्था के दौरान लोग खूब कहानियां सुनाते हैं, उन्हें सुनें जरूर, पर ज्यादा ध्यान न दें। कुछ लोगों को गर्भावस्था में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन ऐसा आपके साथ भी हो, कोई जरूरी तो नहीं।

अगर आपको लगता है कि आप तनाव में हैं और आपका तनाव कम नहीं हो पा रहा है तो अपने डॉक्टर से बात करें।





# कम बजट में शानदार हनीमून!

## भारत के ये 6 डेस्टिनेशन जहां ट्रिप बनेगी बेहद यादगार

**भारत में हनीमून की योजना बना रहे कपल्स के लिए यह लेख 6 आकर्षक डेस्टिनेशन सुझाता है, जहां वे अपनी शादी के बाद बेहतरीन पल बिता सकते हैं। गोवा के सुनहरे समुद्र तटों से लेकर शिमला और मनाली की बर्फीली वादियों तक, ये गंतव्य शांति, प्राकृतिक सुंदरता और एडवेंचर का अनोखा संगम प्रदान करते हैं, जो कम बजट में भी शानदार ट्रिप सुनिश्चित करते हैं।**

भारत में शादियों का सीजन शुरु हो चुका है। शादी के बाद कपल्स का हनीमून पर जरुर जाते हैं। अगर आप भारत में हनीमून के लिए डेस्टिनेशन खोज रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। वैसे भी भारत में घूमने-फिरने की जगहों की भरमार है। यहां आपको एक से बढ़कर एक एडवेंचर, रोमांटिक जगहें, जहां आप पार्टनर संग घूमने जा सकते हैं। इस लेख में हम आपको भारत में ही हनीमून प्लान करने के लिए कुछ रोमांटिक डेस्टिनेशन्स के बारे बताने जा रहे हैं। इन जगहों पर आपको सुकून, शांति मिलेगी और कम बजट में ट्रिप भी शानदार बन जाएगी।

### गोवा

भारत की सबसे फेवरेट हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है गोवा। यहां की बीच लाइफ एक्सपीरियंस सबसे शानदार होता है। गोवा के बीच के किनारे आप पत्नी संग रोमांटिक पल बिता सकते हैं। इसके अलावा, गोवा की नाइट लाइफ पार्टी को एन्जॉय करने का एक अलग ही मजा होता है। यहां पर घूमने के लिए कैलेंगुट बीच, अंजुना बीच, बागा बीच, बागाटोर बीच, सिंकेरियन बीच, पालोलेम बीच। गोवा में घूमने के लिए ज्यादा पैसा खर्च नहीं होता है। पहले ही होटल बुकिंग कर लें, वरना बाद में महंगी हो जाती है।

### शिमला

यदि आपका पहाड़ पर घूमने का प्लान हैं, तो आप शिमला घूमने जरुर जाएं। शिमला में देवदार, चीड़ और माजू के जंगलों में आप घूम सकते हैं। बर्फीले घाटियां और सुंदर नजारे आपको मंत्रमुग्ध कर देंगे। हनीमून के लिए शिमला घूमना एक परफेक्ट डेस्टिनेशन में से एक है।

### मनाली

हिमाचल प्रदेश का खूबसूरत शहर है मनाली। यह जगह हनीमून डेस्टिनेशन के लिए सबसे बढ़िया है। यहां आप सुंदर सी बर्फीली वादियां देख सकते हैं। मनाली में हनीमून मनाना सबसे यादगार हो सकता है। मनाली में दिसंबर-जनवरी के महीने में स्नोफॉल का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां आप ट्रेकिंग, स्नो स्कीइंग का तुत्फ उठा सकते हैं।

### दार्जिलिंग

क्वीन ऑफ हील्स दार्जिलिंग को कहा जाता है। हनीमून के लिए यह जगह बेहद ही रोमांटिक है। यहां पर चाय के बागन,बर्फ से ढके सुंदर पहाड़, देवदार के जंगल, प्राकृतिक सुंदरता, कल-कल करते झरने देखकर आप इस जगह में खो जाएंगे। कम बजट के अंदर है यह एक शानदार हनीमून की जगह हो सकती है।

### श्रीनगर

हनीमून के लिए परफेक्ट डेस्टिशन है श्रीनगर। कश्मीर घाटी में बसा श्रीनगर सुंदर नजारे और घाटियों के लिए जाना जाता है। यहां पर मुख्य आकर्षण केंद्र है डल झील। यहां पर आप मुगल गार्डन, झीलें, सुंदर घाटियों में घूम सकते हैं। यह जगह हनीमून के लिए परफेक्ट है।

### माउंट आबू

राजस्थान का स्वर्ग कहा जाने वाल माउंट आबू, हनीमून के लिए एकदम परफेक्ट जगह है। यदि आप भारत में हनीमून के लिए नई जगह पर जाना चाहते हैं, तो माउंट आबू का प्लान जरुर बनाएं। यहां पर आप वाइल्ड लाइफ का मजा ले सकते हैं। यहां पर आप तरह-तरह के पक्षियां, जानवर देखने को मिलेंगे। पहाड़ों पर घूमने या ट्रेकिंग का प्लान कर सकते हैं।

# सपनों का हनीमून!



**बिना वीजा के इन जगहों पर बिताएं जिंदगी के सबसे रोमांटिक पल**

हनीमून हर नवविवाहित जोड़े के जीवन का सबसे खूबसूरत समय होता है, जिसे खास जगह पर बिताना हर किसी का सपना होता है। दुनिया में कई ऐसी रोमांटिक डेस्टिनेशंस हैं जो हनीमून के लिए परफेक्ट मानी जाती हैं। मालदीव अपने शांत समुद्र, वॉटर विला और प्राइवेट बीच के लिए मशहूर है। दुनिया में ऐसी के बीच वाले देश हैं जो वीजा-फ्री है, जहां आप अपने पल को सुकून से बिता सकते हैं। मॉरीशस सुंदर बीच और नेचर के कारण रोमांटिक माहौल प्रदान करता है। मॉरीशस और सेशेल्स भी अपने लग्जरी रिसॉर्ट्स और नीले समुद्र के लिए लोकप्रिय हैं। हनीमून को खास बनाने के लिए आप इन जगहों पर घूमने जरुर जाएं। ये सभी जगहें कपल्स को सुकून, रोमांस और यादगार पलों से भरा अनुभव देंगी।

मालदीव

नवविवाहित कपल्स के लिए मालदीव सबसे बेस्ट जगहों में से एक है। हनीमून के लिए यह बेस्ट डेस्टिनेशन है, जो कि वीजा-फ्री है। यहां के ओवरवॉटर विला, क्लिर ब्लू पानी और रंग-बिरंगी मछलियां किसी स्वर्ग से कम नहीं है। मालदीव में प्राइवेट रिसॉर्ट्स दीपों के लिए जाना जाता है। शाम के समय समुद्र किनारे कैंडललाइट डिनर, कपल स्पा और सनसेट क्रूज आपकी यादों को हमेशा यादगार बना देंगा।

मॉरीशस

मॉरीशस सुंदर बीच, हरे-भरे जंगलों और विविध संस्कृति के लिए जाना जाता है। कपल्स यहां पर ले मॉर्न ब्राबांट, चमरेल की सेवन कलर्ड अर्थ और पाम्पलमूस बोटैनिकस गार्डन देख सकते हैं। यदि आप एडवेंचर का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो स्कूबा डाइविंग, सेलिंग या ट्रेकिंग का मजा ले सकते हैं। यहां आप हनीमून को शानदार तरीके से एन्जॉय कर सकते हैं।

सेशेल्स

एक शांत और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है सेशेल्स, यहां पर सफेद रेत वाले बीच और नीले पानी की लहरें कपल्स को अट्रैक्ट करेगी। यहां के लोकप्रिय स्थानों में अन्से लाजियो बीच और यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट डे शामिल है। कपल्स यहां पर प्राइवेट यॉट में सफर कर सकते हैं।

अल्माटी

अल्माटी कजाखस्तान का सबसे बड़ा और खूबसूरत शहर है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिकता के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर बर्फ से ढके पहाड़ों, झीलों और हरियाली से घिरा हुआ है। अल्माटी कभी देश की राजधानी था और आज भी इसका सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र माना जाता है। यहां का मेदेओ आइस स्केटिंग रिंक, शिम्बुलक स्की रिसॉर्ट और बिग अल्माटी लेक प्रमुख आकर्षण हैं। अपनी शांत जलवायु और सुंदर दृश्यों के कारण यह हनीमून और पर्यटन के लिए सबसे बेस्ट डेस्टिनेशन है।

फिजी

हनीमून के लिए फिजी एक शानदार डेस्टिनेशन है। फिजी नेचुरल खूबसूरती के लिए जाना जाता है। यहां के साफ बीच, कोरल रीफ और हरियाली से भरे जंगल न्यूली वेड कपल के लिए शानदार है। यहां पर आफ डाइविंग, स्नॉर्कलिंग और हाइकिंग कर सकते हैं।

# दिल्ली-एनसीआर वालों के लिए परफेक्ट वीकेंड स्पॉट! भरतपुर नेशनल पार्क दिलाएगा सुकून

अगर आप दिल्ली-एनसीआर में रहते हैं और वीकेंड ट्रिप पर जाने का प्लान कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल सिर्फ आपके लिए है। भागदौड़ भरी जिंदगी से परेशान होकर लोग कुछ समय के लिए सुकून की तलाश करते हैं। रोजाना 9 टू 5 जॉब करके हम सभी का माइंड और बॉडी दोनों ही थक जाती है। अगर आप वीकेंड पर फैमिली और दोस्तों के साथ समय सुकून बिताना चाहते हैं, तो आप भरतपुर बर्ड सेंचुरी एक्सप्लोर करने जरुर जाएं। यहां पर आपको जंगलों के बीच पक्षियों का सुंदर नजारा और एकांत व सुकून का माहौल देखने को मिलेगा।

### भरतपुर बर्ड सेंचुरी जाने का समय

आपको बता दें कि, भरतपुर बर्ड सेंचुरी का असली नाम केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान है। जो कि भरतपुर जिला राजस्थान में बना हुआ है। वीकेंड के दौरान दिल्ली के आसपास जगहों के लिए ये नेशनल पार्क टॉप पर रहता है। अक्टूबर से लेकर मार्च तक महीने तक यहां समय बीतना बेहद ही खास होता है। इस समय यहां पर लोकल बर्ड के अलावा माइग्रेटेड पक्षी भी आते हैं। यह समय जाने के लिए सबसे बेस्ट है।

### भरतपुर बर्ड सेंचुरी में देखने के लिए क्या-क्या है?

यहां पर आपको प्रवासी पक्षियों में से साइबेरियन सारस, बार हेडेड गीज, पेलिकन और पेंटेड स्टार्क आते हैं। इसके अलावा, लोकल पक्षियों की ढेर सारी वैराइटी भी देखने को मिलती है। पक्षियों के अतिरिक्त, यहां पर अजगर, मॉनिटर छिपकलियां, कुछ वाइल्ड कैट, गोल्डन सियार, जंगली सुअर, सांभर, हिरण, चितल हिरण भी देखने को मिल जाएंगे। यहां आप कई सारे कछुओं की वैराइटी देख सकते हैं।

### भरतपुर में इन जगहों पर घूमें

भरतपुर नेशनल पार्क के अलावा आप यहां पर लोहागढ़ फोर्ट भी टूरिस्ट प्लेस पर घूमने जा सकते हैं। बांके बिहारी मंदिर, भरतपुर पैलेस और म्यूजियम की सैर कर सकते हैं। भरतपुर में लोकप्रिय गंगा मंदिर अपने अनोखे इतिहास के लिए जाना जाता है। यह लगभग 90 साल पुराना है। यहां पर लक्ष्मण मंदिर और गर्वनमेंट म्यूजियम भी देखने के लिए टूरिस्ट जाते हैं।

### कैसे पहुंचे भरतपुर

बता दें कि, भरतपुर रेलवे स्टेशन सभी प्रमुख स्टेशनों से पूरी तरह से कनेक्टेड है। दिल्ली से आप भरतपुर ट्रेन पकड़ सकते हैं। दिल्ली से आप बस या फिर प्राइवेट कैब से भी जा सकते हैं। ढाई घंटे में आप यहां आराम से पहुंच जाएंगे।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com